वर्ष 24, अंक 320, पृष्ठ 08, मूल्यः 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शुक्रवार 29 मई 2026 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

**पश्चिम बंगाल में बीएसएफ को 600 हेक्टेयर जमीन**

## 'एक-एक घुसपैठिए को बाहर करेंगे'- अमित शाह



**पश्चिम बंगाल**

**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को पश्चिम बंगाल में अवैध घुसपैठ पर कड़ा बयान जारी किया, जिससे संकेत मिलता है कि केंद्र भारत-बांग्लादेश सीमा पर सुरक्षा बढ़ाने के लिए आक्रामक कदम उठाने की तैयारी कर रहा है।

गुजरात के गांधीनगर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए गृह मंत्री शाह ने कहा कि सुवेंदु अधिकारी के नेतृत्व वाली सरकार ने सीमा सुरक्षा और बुनियादी ढांचे के विकास में तेजी लाने के लिए मात्र सात दिनों के भीतर सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) को लगभग 600 हेक्टेयर भूमि सौंपी है। उन्होंने कहा कि रणनीतिक रूप से संवेदनशील "चिकन नेक" कॉरिडोर पर विशेष ध्यान दिया गया है, जहां निगरानी और राष्ट्रीय सुरक्षा उपायों को मजबूत करने के लिए लगभग 121 हेक्टेयर भूमि हस्तांतरित की गई है।

शाह ने दावा किया कि इस तीव्र कार्रवाई से अवैध घुसपैठियों पर दबाव बनना शुरू हो गया है, और रिपोर्टों से पता चलता है कि कड़ी निगरानी और प्रवर्तन के बीच कई घुसपैठिए अब स्वेच्छा से वापस लौट रहे हैं। गृह मंत्री ने अवैध आप्रवासन मामलों से अधिक प्रभावी ढंग से निपटने के लिए राज्य भर में स्थापित किए जा रहे निरोध केंद्रों पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारत-बांग्लादेश सीमा पर लंबे समय से लंबित बाड़बंदी का काम जल्द ही फिर से शुरू होने की उम्मीद है, जिसका उद्देश्य घुसपैठ के असुरक्षित मार्गों को बंद करना है। केंद्र के कड़े रुख की पुष्टि करते हुए अमित शाह ने घोषणा की कि प्रत्येक अवैध आप्रवासी की पहचान की जाएगी और उसे वापस भेजा जाएगा।

मुख्यमंत्री अधिकारी की घुसपैठियों को कड़ी चेतावनी

पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी ने मंगलवार को कहा कि राज्य में अवैध रूप से रह रहे कथित बांग्लादेशी नागरिकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने ऐसे मामलों से निपटने के लिए हर जिले में हिरासत केंद्र स्थापित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। विदेशी अधिनियम का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह कानून कई वर्षों से मौजूद है और इसे ठीक से लागू किया जाना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि पुलिस को निर्देश दिया गया है कि अवैध घुसपैठियों को नियमित जेलों में न रखा जाए।

## सिद्धारमैया का सीएम पद से इस्तीफा, राज्यसभा का पद ठुकराया



**कर्नाटक**

**कर्नाटक** में नेतृत्व को लेकर लंबे वक्त से चल रहा राजनीतिक बवाल गुरुवार (28 मई, 2026) को मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के इस्तीफे के साथ अब पूरी तरह से खत्म हो गया है. सिद्धारमैया ने लोक भवन पहुंचकर कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत के विशेष सचिव प्रभु शंकर को अपना इस्तीफा सौंप दिया है. सिद्धारमैया ने कहा कि उन्होंने पार्टी नेतृत्व के निर्देशों के अनुसार इस्तीफा दिया है.

समाचार एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, सिद्धारमैया ने कहा कि कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व ने उन्हें राज्यसभा सीट की पेशकश की. लेकिन उन्होंने विनम्रतापूर्वक इसे अस्वीकार कर दिया क्योंकि और बताया कि उन्हें राष्ट्रीय राजनीति में कोई दिलचस्पी नहीं है.

उन्होंने कहा कि मैंने पहले ही कह दिया था कि हाई कमान जब भी निर्देश देगा, मैं मुख्यमंत्री पद से अपना इस्तीफा दे दूंगा. कांग्रेस हाई कमान ने परसों मंगलवार (26 मई, 2026) को ही अपना फैसला बता दिया था और जैसे ही हाई कमान ने कहा, मैंने तुरंत पद छोड़ने का फैसला कर लिया.

राज्यपाल के विशेष सचिव को अपना इस्तीफा सौंपने के बाद निवर्तमान मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने एक प्रेस ब्रीफिंग आयोजित कर कहा, ह्यमैंने लोक भवन में राज्यपाल कार्यालय को अपना इस्तीफा दे दिया है. राज्यपाल इस वक्त शहर में नहीं है, वो रात में लौटने वाले है, इसलिए मैंने अपना इस्तीफा उनके विशेष सचिव को सौंप दिया है. जब वे वापस आएंगे तब उन्हें मेरा इस्तीफा मिल जाएगा और मुझे यकीन है कि वे लोकतांत्रिक नियमों के आधार पर मेरा इस्तीफा स्वीकार कर लेंगे.

कांग्रेस के पास सरकार बनाने के लिए स्पष्ट बहुमतः सिद्धारमैया

राज्य में नई सरकार के गठन को लेकर सिद्धारमैया ने कहा, ह्यमैंने अपना इस्तीफा सौंप दिया है, अब ये राज्यपाल की जिम्मेदारी है कि वे अगले मुख्यमंत्री को नई सरकार के गठन के लिए निमंत्रण दें.ह्न उन्होंने कहा कि कांग्रेस को दो स्वतंत्र विधायकों के साथ कुल 136 विधायकों को समर्थन प्राप्त है, जो कि विधानसभा में पार्टी को स्पष्ट बहुमत देती है।

**मुलाकात....**



महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने गुरुवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करते हुए

## ट्विशा शर्मा डेथ केस में सीबीआई का बड़ा एक्शन

### घंटों की पूछताछ के बाद सास गिरिबाला सिंह गिरफ्तार






**एमपी**

**ट्विशा** डेथ केस में सीबीआई ने रिटायर्ड जज और ट्विशा शर्मा की सास गिरिबाला सिंह को कई घंटों की पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया है. एमपी हाईकोर्ट के रिटायर्ड जज गिरिबाला सिंह की अग्रिम जमानत रद्द किए जाने के कुछ घंटों बाद सीबीआई की एक टीम गुरुवार (28 मई) को उनके आवास पर पहुंची. भोपाल के बाग मुगलिया एक्सटेंशन में एचआईजी 311 स्थित सिंह के आवास में इस दौरान भारी पुलिस बल मौजूद रहा. इधर, सीबीआई उनके घर भी पहुंची है, जहां जांच एजेंसी घटना की कड़ी दर कड़ी जोड़ने के लिए वर्चअल वॉकथ्रू तैयार करेगी.

गिरिबाला सिंह पर किन धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया ?

उनपर कई धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है. यहां दहेज मृत्यु के लिए दंड धारा 80 सेक्शन 2 के तहत मामला दर्ज किया है. इसके अलावा धारा 85, जिसे विवाहित महिला के साथ पति या किसी रिश्तेदार द्वारा की गई क्रूरता के लिए दंड दिया जाता है और संयुक्त आपराधितक दायित्व धारा 3 सेक्शन 5 के तहत मामला दर्ज किया गया है.

सीबीआई ने की पूछताछ

सूत्रों ने बताया कि एजेंसी ने हाईकोर्ट के आदेश के बाद गिरिबाला सिंह से पूछताछ की, जिसके बाद उनकी गिरफ्तारी का रास्ता साफ हुआ. एक सत्र अदालत ने 15 मई को गिरिबाला सिंह को अग्रिम जमानत दे दी थी, जो अपने बेटे समर्थ सिंह के साथ कथित दहेज उत्पीड़न से संबंधित आरोपों का सामना कर रही हैं।

## नीट विवाद पर राजनाथ सिंह के घर हाई-लेवल मीटिंग



**नई दिल्ली**

केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को अपने आवास पर NEET UG 2026 परीक्षा पेपर लीक विवाद पर एक महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता की। बैठक 40 मिनट तक चली और इसमें केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, राष्ट्रीय शिक्षा प्राधिकरण के महानिदेशक अभिषेक सिंह और प्रधानमंत्री कार्यालय के वरिष्ठ अधिकारी शामिल थे। सूत्रों के अनुसार, चर्चा का मुख्य केंद्र छात्रों और अभिभावकों के बीच ठएएळ परीक्षा की विश्वसनीयता बहाल करना था। अधिकारियों ने परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई पर भी विचार किया। इससे पहले, धर्मेंद्र प्रधान ने CBSE की ऑन-स्क्रीन मार्किंग मूल्यांकन प्रक्रिया में हुई त्रुटियों की जिम्मेदारी ली। उन्होंने आश्वासन दिया कि यदि अनियमितताएं जानबूझकर की गई थीं, तो सुधारात्मक कदम उठाए जाएंगे। प्रधान ने जोर दिया कि सरकार उत्तर पुस्तिकाओं के पुनर्मूल्यांकन और सत्यापन के दौरान छात्रों द्वारा उठाई गई शिकायतों के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है।

प्रधान ने बताया कि उइरए ने डरट प्रणाली का उपयोग करके पहली बार लगभग चालीस करोड़ पृष्ठों की उत्तर पुस्तिकाओं को स्कैन किया है, जिसे उन्होंने विश्व स्तर पर स्वीकृत और छात्र-केंद्रित बताया। उन्होंने कहा कि बोर्ड छात्रों द्वारा सामना की जा रही तकनीकी और भुगतान संबंधी समस्याओं को हल करने के लिए काम कर रहा है।

पेपर लीक की खबरों के बाद राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनईटी) ने 3 मई को आयोजित एनईटी यूजी 2026 परीक्षा रद्द कर दी। पुनर्परीक्षा 21 जून, 2026 को आयोजित की जाएगी।

## राहुल और शिक्षामंत्री आमने-सामने; तेज हुई जुबानी जंग



**नई दिल्ली**

**सीबीएसई** ऑन स्क्रीन मार्किंग विवाद मामले को लेकर राहुल गांधी और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान आमने सामने हैं. एक तरफ धर्मेंद्र प्रधान राहुल गांधी के खिलाफ इस बात से खफा हैं, क्योंकि उन्होंने 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाओं के नतीजों में छेड़छाड़ का आरोप लगाया था.

प्रधान ने कहा कि गांधी की टिप्पणियां बार-बार चुनावी हार से उपजी हताशा को दशार्ती हैं. उन्होंने गांधी पर भारत की तकनीकी और वैज्ञानिक प्रगति का लगातार विरोध करने का आरोप लगाया. उन्होंने कहा कि राहुल गांधी एक अलग ही मानसिक स्थिति में पहुंच गए हैं. लगातार चुनावी हार के कारण वे हताश नजर आते हैं.

प्रधान ने कहा कि उन्होंने रक्रक्र का विरोध किया. वे एश्ट का विरोध करते थे. उन्होंने डिजिटल इंडिया का विरोध किया. ऐसा नहीं लगता कि वे भारत की वैज्ञानिक प्रगति के साथ खड़े हैं. राजनीति बाद में भी की जा सकती है. अभी सबसे जरूरी बात यह है कि इन छात्रों और परीक्षार्थियों का मानसिक तनाव और ज्यादा नहीं बढ़ना चाहिए.

राहुल गांधी ने क्या पलटवार किया है?

वहीं, अब इस पर राहुल गांधी ने पलटवार किया. उन्होंने कहा कि प्रधान का यह हमला उन्हें 18.5 लाख छात्रों की ओर से जवाब मांगने से नहीं रोक पाएगा.

गांधी ने पूछा कि COEMPT को ठेका क्या दिया गया. यह कंपनी पहले किसी दूसरे नाम से विवादों में घिरी हुई थी।

**बांग्लादेशी घुसपैठियों को वापस भागते देखकर मजा आ जायेगा!**

## बंगाल में बांग्लादेशी घुसपैठियों को ढूंढ़ढूंढ़ कर भगाया जा रहा है



**पश्चिम बंगाल**

**पश्चिम** बंगाल में सत्ता परिवर्तन के बाद अब वह दौर शुरू हो चुका है, जिसका इंतजार लंबे समय से राज्य की जनता कर रही थी। मुख्यमंत्री शुभेन्दु अधिकारी के नेतृत्व में बंगाल सरकार ने अवैध बांग्लादेशी घुसपैठियों के खिलाफ जिस सख्त अभियान की शुरूआत की है, उसने सीमा पार बैठे घुसपैठियों और उनके संरक्षकों में भारी दहशत फैला दी है। ह्लडिटेक्ट-डिलीट-डिपोर्टह्व नीति के तहत बंगाल सरकार अब हर उस व्यक्ति की पहचान कर रही है जो अवैध तरीके से भारत में घुसकर यहां के संसाधनों पर कब्जा जमाए बैठा था। सरकार का साफ संदेश है कि भारत की जमीन अब घुसपैठियों की शरणस्थली नहीं बनेगी।

उत्तर 24 परगना के स्वरूपनगर स्थित हाकिमपुर जांच चौकी पर जो दृश्य दिखाई दिया, उसने वर्षों से चल रहे अवैध घुसपैठ के पूरे खेल को उजागर कर दिया। सैकड़ों बांग्लादेशी मुसलमान पुरुष, महिलाएं और बच्चे बैग, कंबल और ट्रॉलियों के साथ सीमा पर जमा हो गए ताकि गिरफ्तारी और हिरासत से पहले किसी तरह वापस बांग्लादेश पहुंच सकें। यह वही लोग हैं जो वर्षों से बंगाल के अलग-अलग इलाकों में बिना किसी वैध दस्तावेज के रह रहे थे और स्थानीय संसाधनों पर बोझ बने हुए थे। मुख्यमंत्री शुभेन्दु अधिकारी ने साफ शब्दों में चेतावनी दी है कि जो अवैध तरीके से भारत में रह रहे हैं, वे तुरंत वापस लौट जाएं, अन्यथा सरकार अपना काम करेगी। उनका यह कठोर रुख ही आज बंगाल की जनता में विश्वास पैदा कर रहा है। वर्षों तक तुष्टिकरण की राजनीति करने वाली ताकतों ने घुसपैठ को नजरअंदाज किया, लेकिन अब पहली बार राज्य सरकार खुलकर राष्ट्रीय सुरक्षा के पक्ष में खड़ी दिखाई दे रही है। शुभेन्दु अधिकारी ने यह स्पष्ट कर दिया है कि बंगाल की जनता के भोजन, रोजगार और संसाधनों पर पहला अधिकार भारतीय नागरिकों का है, न कि अवैध घुसपैठियों का। राज्य सरकार ने हर जिले में होल्डिंग सेंटर बनाने की प्रक्रिया तेज कर दी है। स्वरूपनगर क्षेत्र में पहले से तीन होल्डिंग सेंटर संचालित हो रहे हैं, जहां करीब तीन सौ पचास घुसपैठियों को रखा गया है। सिलिगुड़ी, माटीगाड़ा और नक्सलबाड़ी क्षेत्र में भी नया होल्डिंग सेंटर बनाया जा रहा है। सीमा क्षेत्रों में निगरानी कई गुना बढ़ा दी गई है। पुलिस, सीमा सुरक्षा बल और प्रशासनिक एजेंसियां लगातार दस्तावेजों की जांच कर रही हैं ताकि कोई भी अवैध व्यक्ति बच न सके।

हाकिमपुर में पहुंचे कई लोगों ने खुद स्वीकार किया कि वह वर्षों से बिना दस्तावेजों के बंगाल में रह रहे थे। कुछ ने यह भी माना कि यदि पिछली सरकार सत्ता में बनी रहती तो उन्हें कभी लौटने की जरूरत नहीं पड़ती। यही बयान यह साबित करता है।

## केवल सिंह ढिल्लों बने पंजाब बीजेपी चीफ तो अरविंद केजरीवाल का बड़ा बयान



**पंजाब**

**पंजाब** में आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर बीजेपी ने बदलाव करते हुए केवल सिंह ढिल्लों को प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी है. अब इस पर आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की प्रतिक्रिया आई है. उन्होंने दावा किया कि बीजेपी ने पंजाब चुनाव के मैदान को छोड़ दिया है. चुनाव का प्रचार सिर्फ ईडी और सीबीआई की रेड तक सीमित रहेगा.

अरविंद केजरीवाल एक्स पोस्ट में लिखा, "केवल ढिल्लों जी को प्रदेश अध्यक्ष घोषित करके बीजेपी ने पंजाब चुनाव छोड़ देने का ऐलान कर दिया है. बीजेपी का पंजाब में चुनाव प्रचार अब केवल एऊ और उइक की रेड तक सीमित होगा. पिछली कुछ रेड में बीजेपी देख चुकी है कि पंजाबी इन टुच्ची मुच्ची रेड से नहीं डरते."

इससे पहले पंजाब बीजेपी अध्यक्ष की जिम्मेदारी सुनील जाखड़ संभाल रहे थे. वहीं, केवल सिंह ढिल्लों अब तक पंजाब बीजेपी के उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी देख रहे थे. पंजाब में साल 2027 में विधानसभा के चुनाव होने हैं।

**दिल्ली में रेहड़ी-पटरी वालों पर सख्ती, कांग्रेस ने इखढ पर बोला हमला**

## 'गरीबों को उजाड़ने की तैयारी...'- देवेन्द्र यादव



**नई दिल्ली**

**दिल्ली** में रेहड़ी-पटरी लगाकर रोजी-रोटी कमाने वाले लाखों लोगों को लेकर सियासत तेज हो गई है. दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने बीजेपी सरकार और दिल्ली नगर निगम पर गंभीर आरोप लगाए हैं. उन्होंने कहा कि रेहड़ी-पटरी वालों को अधिकार देने वाला कानून कांग्रेस सरकार लेकर आई थी, लेकिन पिछले 12 वर्षों में सत्ता में रही सरकारें इन्हें लाइसेंस देने में पूरी तरह विफल रही हैं. अब सफाई और कार्रवाई के नाम पर गरीबों को उजाड़ने की तैयारी की जा रही है.

देवेन्द्र यादव ने कहा कि कांग्रेस की केंद्र सरकार ने स्ट्रीट वेंडर्स आजीविका संरक्षण एवं स्ट्रीट वेंडिंग विनियमन अधिनियम 2014 लागू कर रेहड़ी-पटरी वालों को कानूनी अधिकार दिए थे. इसके तहत सभी राज्यों को स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए गए थे, लेकिन दिल्ली में आज तक लाखों वेंडर्स को नियमित लाइसेंस नहीं मिल सका. उन्होंने आरोप लगाया कि दिल्ली नगर निगम, दिल्ली पुलिस और अन्य एजेंसियां वर्षों से रेहड़ी लगाने के नाम पर अवैध वसूली करती रही हैं और अब जुमार्ने के जरिए इनकी आजीविका खत्म करने की कोशिश की जा रही है.

हाई कोर्ट के आदेश के बावजूद हो रही कार्रवाई

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि दिल्ली हाई कोर्ट पहले ही स्पष्ट कर चुका है कि जिन रेहड़ी-पटरी वालों का सर्वे हो चुका है और जिनके पास प्रोविजनल सर्टिफिकेट ऑफ वेंडिंग है, उन्हें वैध विक्रेता माना जाएगा. उन्होंने बताया कि टाउन वेंडिंग कमेटी का चुनाव 30 जून 2026 को होना है, जबकि 21 जुलाई 2026 को कमेटी का गठन प्रस्तावित है. इसके बाद ही अंतिम लाइसेंस जारी होंगे और वेंडिंग जोन तय किए जाएंगे.

उन्होंने आरोप लगाया कि अदालत के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद बीजेपी सरकार सफाई अभियान के नाम पर इंस्पेक्टर राज और पुलिस के जरिए गरीब वेंडर्स पर दबाव बना रही है और अवैध वसूली की जमीन तैयार की जा रही है.

सीलिंग और कार्रवाई से गरीबों पर बढ़ रहा दबाव

देवेन्द्र यादव ने कहा कि हाल ही में दिल्ली हाई कोर्ट ने रिहायशी इलाकों में चल रही व्यावसायिक गतिविधियों का सर्वे कराने का आदेश दिया था, लेकिन बीजेपी ने कई इलाकों में सीलिंग की कार्रवाई शुरू कर दी।

# यमुनापार में ईद उल अजहा की नमाज अदा : अमन-चैन और खुशहाली के लिए हजारों हाथ उठे

अखंड भारत संदेश





**मांडा।** यमुनापार क्षेत्र के संवेदनशील कस्बों में ईद उल अजहा की नमाज भारी सुरक्षा बल के बीच अदा की गई। बुधवार सुबह ईदगाहों और मस्जिदों में अमन-चैन और खुशहाली के लिए दुआएं मांगी गईं। बुजुर्गों और बच्चों सहित सभी ने एक-दूसरे को ईद उल अजहा की मुबारकबाद दी और गले मिलकर खुशियां मनाईं। दोस्तों, रिश्तेदारों और परिचितों से मिलकर लोगों ने त्योहार का जश्न मनाया। बकरीद के त्योहार पर लगभग चार हजार मुस्लिम समुदाय के लोग ईदगाहों और मस्जिदों में विशेष नमाज अदा करने पहुंचे। अकीदतमंदों ने अमन-चैन और सभी की खुशियों के लिए दुआएं मांगीं, जिसके लिए हजारों हाथ उठे। क्षेत्र के मुस्लिम बहुल संवेदनशील भारतगंज कस्बा, मांडा खास, पियरी, कुदर, हाटा, नकटी, मस्तान शाह बाबा के मजार, नहवाई और नेवारी सहित विभिन्न ईदगाहों व मस्जिदों में नमाज अदा की गई।

भारतगंज कस्बे के कटरा मोहल्ले स्थित बड़े ईदगाह में सुबह आठ बजे से ही नमाजी मैदान की ओर आने लगे थे। सुबह साढ़े आठ बजे तक ईदगाह का अंदरूनी हिस्सा अकीदतमंदों से भर गया। मौलाना ने नमाज के बाद देश की खुशहाली और तरक्की के लिए विशेष दुआ कराई।

ईदगाह के पास भारी संख्या में पुलिस बल, जिसमें दो प्लाटून पीएसी भी शामिल थी, तैनात रहा। आईपीएस विजय आनंद, एसीपी मेजा संत प्रसाद उपाध्याय, नायब तहसीलदार यमुना प्रसाद वर्मा, मांडा इंस्पेक्टर अनिल कुमार वर्मा और चौकी प्रभारी भारतगंज हर्ष कुमार अपने पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

स्थानीय लोगों ने सुरक्षा व्यवस्था में काफी सहयोग किया। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि आमिर भाई शकील टंकी, मांडा प्रधान डॉ. असद अली, प्रधान दोहथा निजाम अली और प्रधान तस्लीम अंसारी ने ईद की बधाई दी। इस दौरान पुलिस कस्बे का लगातार भ्रमण करती रही।

## मौलाना महमूद निजामी ने कपुरी ईदगाह में पढ़ाई ईद उल अजहा की नमाज

### अल्पसंख्यक समुदाय ने मुल्क में अमन चैन और भाईचारे की मांगी दुआ

अखंड भारत संदेश





**कोरांव।** कोरांव तहसील क्षेत्र और पसना इलाके में ईद उल अजहा (बकरीद) का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुस्लिम समुदाय ने त्याग और कुबार्नी के प्रतीक इस पर्व पर विशेष नमाज अदा की। कपुरी स्थित ईदगाह में सुबह 6 बजे से ही नमाजियों की भीड़ जुटने लगी थी। सुबह 7:10 बजे मौलाना महमूद आलम निजामी की इमामत में ईद उल अजहा की दो रकात विशेष नमाज अदा की गई।

नमाज के बाद मौलाना निजामी ने खुतबा पढ़ा और सामूहिक रूप से मुल्क में अमन-चैन, तरक्की और भाईचारे की दुआ मांगी। मुस्लिम समुदाय के बच्चों, बुजुर्गों और नौजवानों ने एक-दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। इसके उपरांत, लोगों ने अपने-अपने घरों में त्याग के प्रतीक के रूप में बकरे की कुबार्नी दी। इस अवसर पर अल्पसंख्यक समुदाय में खुशी का माहौल देखा गया।

क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन मुस्तैद रहा। प्रभारी निरीक्षक कोराव सत्येंद्र कुमार, वरिष्ठ उप निरीक्षक सेवालाल, शिव शंकर और गुलाब सिंह अपनी टीमों के साथ क्षेत्र में भ्रमण करते रहे। उनकी देखरेख में सभी स्थानों पर ईद की नमाज सकुशल संपन्न हुई।

## मऊआइमा में ईदुल अजहा का त्यौहार सौहार्द पूर्वक मनाया गया



**मऊआइमा।** मऊआइमा इलाके में बडी धूमधाम से ईदुल अजहा बकरीद का त्यौहार सौहार्द पूर्वक मनाया गया।इस अवसर पर बादीपुर ईदगाह, आजमपुर ईदगाह, सहित क्षेत्र के विभिन्न ईदगाहों में ईदुल अजहा की नमाज अदा की गई। नमाज के बाद लोगों ने कुबार्नी की। इस अवसर इलाके में शांति व्यवस्था के तहत पुलिस निरंतर गश्त करती रही।बता दें कि बकरीद का पर्व तीन दिनों तक मनाया जाता है।लोग तीन दिनों तक कुबार्नी करते हैं।

## हंडिया फ्लाईओवर पर भीषण हादसा, कार दो हिस्सों में बंटी

### सरिया लदी ट्रेलर की चपेट में आने से दो लोग घायल

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** हंडिया थाना क्षेत्र स्थित बगहा फ्लाईओवर पर गुरुवार शाम एक सड़क हादसा हो गया। सरिया लदी एक ट्रेलर की चपेट में आने से एक स्विफ्ट डिजायर कार दो हिस्सों में बंट गई। इस दुर्घटना में कार चालक सहित दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।घायलों की पहचान मोहम्मद आशिक पुत्र फजले रब, निवासी टांडा, अंबेडकर नगर के रूप में हुई है। मोहम्मद आशिक बंगलौर में निजी नौकरी करते हैं। वह अपने गृह जनपद आने के बाद प्रयागराज पहुंचे थे और वहां से हंडिया में एक मित्र से मिलने गए थे। उनका मित्र भी बंगलौर में ही कार्यरत बताया जा रहा है।

मित्र से मुलाकात के बाद मोहम्मद आशिक प्रयागराज लौटने के लिए एक प्राइवेट स्विफ्ट डिजायर कार में लिफ्ट लेकर बैठे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जैसे ही कार बगहा फ्लाईओवर के पास पहुंची, ऊपर से गुजर रही सरिया लदी ट्रेलर अनियंत्रित हो गई और कार से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि स्विफ्ट डिजायर कार के दो टुकड़े हो गए।

हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से दोनों घायलों को तत्काल एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। दुर्घटना के कारण हाईवे पर कई घंटों तक लंबा जाम लगा रहा।

सूचना मिलने पर हंडिया पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद क्षतिग्रस्त कार और ट्रेलर को हटवाकर यातायात बहाल कराया। पुलिस इस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

## न्यूज झरोखा

### बेलवानिया में श्रीमद् वाल्मीकि कथा का आयोजन कल से



**पसना।** कोरांव क्षेत्र अंतर्गत बेलवानियां खम्हारपट्टी मजरे में कल दिनांक 29 मई शुक्रवार से नव दिवसीय बाल्मीकि रामायण कथा का आयोजन किया जा रहा है। कल शुक्रवार को कलश यात्रा के साथ ही कथा का प्रारंभ हो जाएगा। कथा व्यास कुलगुरु श्री मनोज जी महाराज के मुखारविंद से श्रोताओं को कथा श्रवण का पुण्य लाभ प्राप्त होगा। कथा के मुख्य यजमान पंडित श्री शिव प्रसाद शुक्ला होंगे। कथा के आयोजक देवी प्रसाद शुक्ला एडवोकेट कमला शंकर शुक्ला एडवोकेट हैं। कथा का समापन 7 जून रविवार को पूणार्हुति हवन एवं भंडारे के साथ संपन्न होगा। यह जानकारी देते हुए कथा के संयोजक प्रभाशंकर तिवारी एडवोकेट ने क्षेत्रीय जनमानस एवं गणमान्य व्यक्तियों से प्रतिदिन कथा श्रवण का आमंत्रण देते हुए कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

### तीन नामजद सहित दस पर एससी एसटी एक्ट में मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा ।** मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम जोगीपुर निवासनीय सुशीला देवी पत्नी राम कुमार सरोज का आरोप है कि पुरानी रंजिश को लेकर जब वह ई रिक्शा से सरसों का तेल लेकर घर जा रही थी तभी विपक्षी एक राय होकर उसे और उसके पति राम कुमार, बेटे रजनीश को जाति सूचक गालियां देते हुए सरसों का पांच लीटर तेल फेंक कर ई रिक्शा क्षतिग्रस्त कर दिए तथा लाठी डंडा से मारे पीटे और जान से मारने की धमकी दी। सुशीला देवी ने मऊआइमा थाना में प्रदीप यादव,टोनी यादव, शम्भूनाथ यादव तथा दस अज्ञात निवासीगण ग्राम सेमरावीरभानपुर के खिलाफ मार पीट तोड फोड़ सहित एससी एसटी एक्ट में मुकदमा दर्ज करा दी है।

## बिना उचित नोटिस और सुनवाई के नहीं होगा मकानों का ध्वस्तीकरण

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि बिना उचित नोटिस और सुनवाई के नहीं होगा मकानों का ध्वस्तीकरण। कोर्ट ने कहा कि ध्वस्तीकरण से पहले कानूनी प्रक्रिया का पालन किया जाना जरूरी है। याचियों को पहले नोटिस दिया जाए। जवाब मिलने के बाद उनको सुनवाई का पूरा मौका दिया जाए। सक्षम अधिकारी जिन दस्तावेजों पर भरोसा कर आदेश पारित करेंगे वह भी याचियों को देंगे। यह आदेश न्यायमूर्ति सरल श्रीवास्तव और न्यायमूर्ति गरिमा प्रसाद की खंडपीठ ने विजय कुमार और 21 अन्य की याचिका पर दिया है।चंदौली निवासी याचियों का मकान मुगलसराय के ग्राम कुढ़कला, परगना मवई में आराजी संख्या 38/1 पर स्थित है। याचिकाकताओं का दावा था कि उक्त भूमि उन्होंने पंजीकृत बिक्री विलेख के माध्यम से खरीदा है। वे अपनी संपत्ति के कानूनी स्वामी हैं और उनका कब्जा वैध है। उन्होंने याचिका दायर कर मकानों का न गिराने का निर्देश देने की हाईकोर्ट से मांग की।वहीं, राज्य सरकार के वकील ने याची के दावों को खारिज करते हुए दलील दी कि आराजी संख्या 38/1 पर कोई भी निर्माण नहीं है। इस भूमि का उपयोग सड़क के रूप में किया जा रहा है। कुछ याचिकाकताओं को नोटिस जारी किए गए थे और कुछ ने उनका जवाब भी दिया है। कोर्ट ने पक्षों को सुनने के बाद पाया कि नोटिस की प्रक्रिया पूर्ण नहीं थी। नए सिरे से नोटिस तामील कराने और याचियों का पक्ष सुनने का हाईकोर्ट ने निर्देश दिया।

## असहायों का सहारा बनने वाले कर्मयोगी बाबू भोला सिंह की मनाई गई जयंती




अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज ।** विकास पुरुष बाबू भोला सिंह पूर्व विधायक की जयंती 27 मई को बेनी माधव सिंह महाविद्यालय माधव नगर बिगहिया प्रयागराज के प्रांगण में मनाया गया। इस अवसर पर उनकी प्रतिमा पर मल्यार्पण कर उनको तथा उनके द्वारा किए गए कार्यों पर संस्थान के प्रबंध समिति के अध्यक्ष कृपाराम मिश्र ने विस्तार पूर्वक चर्चा किया। संस्थान की तरफ से महाविद्यालय में सभी छात्राओं को शरबत पिलाया गया इस अवसर पर भोला सिंह शैक्षिक एवं सेवा संस्थान की अध्यक्षा माधुरी सिंह, उपाध्यक्ष सौरभ सिंह तथा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ डी० वी० सिंह, डॉ० बबिता सिंह, धर्मेंद्र सिंह, सत्यनारायण मिश्र, डॉ० राजमणि मौर्य, डॉ० करुणेश कुमार शुक्ला, अर्चना पाण्डेय, विवेक सुमन शर्मा, राम कैलाश यादव, पंचम सिंह, प्रशांत कुमार पाण्डेय, सौरभ प्रजापति, शालू पाण्डेय, अल्का पाण्डेय, रेशमी, आदि प्राध्यापकगण उपस्थित रहे। इस अवसर पर कर्मयोगी के रूप में जाने वाले बाबू भोला सिंह जी को याद किया।

## ट्रेनों पर पत्थरबाजी रोकने हेतु जीआरपी जंघई ने लगाई चौपाल, ग्रामीणों को किया जागरूक



**जंघई।** ट्रेनों में हो रही पत्थरबाजी और ट्रैक अवरुद्ध करने की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए जीआरपी चौकी जंघई ने बुधवार को रेलवे ट्रैक के पास ग्राम जंघई में चौपाल लगाकर लोगों को जागरूक किया। चौकी प्रभारी प्रमोद गुप्ता ने हमराह कॉन्स्टेबल अभिनीत द्विवेदी के साथ ग्रामीणों को बताया कि ट्रेनों पर पत्थर फेंकना और ट्रैक बाधित करना गंभीर अपराध है। उन्होंने रेलवे अधिनियम की धारा 152 और 153 के तहत होने वाली सजा व कठोरतम कार्रवाई के बारे में विस्तार से जानकारी दी। चौकी प्रभारी ने लोगों से अपील की कि वे अपने बच्चों और पड़ोसियों को भी जागरूक करें कि कोई भी रेलवे ट्रैक पर अनावश्यक रूप से न जाए और पत्थरबाजी व ट्रैक अवरुद्ध जैसी घटना न करे। इस दौरान पुलिस ने ग्रामीणों के साथ मोबाइल नंबर का आदान प्रदान भी किया। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की घटना होने पर तुरंत रेलवे हेल्पलाइन नंबर 139 या 112, आरपीएफ तथा जीआरपी चौकी जंघई को सूचना दें। जीआरपी ने ग्रामीणों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि रेल संपत्ति व यात्रियों की सुरक्षा हम सबकी जिम्मेदारी है।

## मांडा में अंबेडकर प्रतिमा क्षतिग्रस्त : अज्ञात असामाजिक तत्वों ने पहुंचाया नुकसान, ग्रामीणों में आक्रोश, पुलिस जांच में जुटी

अखंड भारत सन्देश



**मांडा।** इलाकाई मांडा थाना क्षेत्र की दसवार ग्राम पंचायत में डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को गुरुवार रात अज्ञात असामाजिक तत्वों ने क्षतिग्रस्त कर दिया। हाटा-मांडा मुख्य मार्ग के किनारे स्थापित इस प्रतिमा को क्षतिग्रस्त कर नुकसान पहुंचाए जाने से स्थानीय ग्रामीणों में गहरा रोष है।

यह प्रतिमा 14 अप्रैल 2026 को डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा ग्राम पंचायत दसवार के कमेटी द्वारा बड़े धूम धाम से स्थापित किया गया। वही कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व ब्लॉक प्रमुख मांडा अशोक सिंह के कर कमलो द्वारा मूर्ति अनावरण गया था । सुबह घटना की जानकारी मिलने पर बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौके पर एकत्रित हो गए। आशंका है कि सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने के उद्देश्य से इस कृत्य को अंजाम दिया गया है।

शिव कुमार, बबलेश कुमार गौतम, अक्षय, दुर्गा प्रसाद, रामगति कई जागरूक ग्रामीणों ने तत्काल आपातकालीन सेवा नंबर 112 पर कॉल कर स्थानीय पुलिस को घटना की सूचना दी।ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से दोषियों के खिलाफ तत्काल कठोर कानूनी कार्रवाई करने और क्षतिग्रस्त प्रतिमा के स्थान पर नई प्रतिमा की ससम्मान पुनर्स्थापना कराने की मांग की है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी है। वही बबलेश कुमार गौतम ने बताया कि सूचना पर मांडा इंस्पेक्टर अनिल कुमार वर्मा ने घटना स्थल पहुंच कर निरीक्षण किया और कमेटी अध्यक्ष शिव कुमार को बीस हजार रुपए की सहयोग धनराशि देकर पुनः मूर्ति स्थापित करने की बात कही।

मांडा इंस्पेक्टर अनिल कुमार वर्मा ने बताया कि डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त करने वाले अराजक तत्वों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

## मां महागौरी गैस एजेंसी एचपी गैस गोदाम से उपभोक्ताओं को सिलेंडर वितरण, होम डिलीवरी से दिखी उपभोक्ताओं में खुशी







अखंड भारत संदेश

**जारी।** दिन गुरुवार को मां महागौरी गैस एजेंसी भराहरा कौंधियारा स्थित गोदाम में सुबह 10:00 बजे मां महागौरी गैस एजेंसी के मैनेजर कृष्ण कुमार कौशिक की देख रेख में सिलेंडर क्षेत्र के उपभोक्ताओं को उनके बुकिंग के हिसाब से वितरण किया जा रहा है अभी दो दिन पहले गोदाम में कुछ समय के लिए ताला बंद होने के कारण उपभोक्ताओं में नाराजगी देखने को मिली जैसा कि मैनेजर से पूछने पर इन्होंने बताया कि मनोज कुमार उर्फ बबलू जो गोदाम में रहता है देख-रेख करता है वह बाबा धाम के लिए गया हुआ था अपनी जगह में किसी और को देखने के लिए रखा हुआ लेकिन जिसको रखा गया था उसके परिवार में शोक संवेदना होने के कारण वह गोदाम में विलंब से पहुंचा जिससे उपभोक्ताओं में नाराजगी बनी रही संचालक ने कहा की निरंतर चार हजार से लेकर 5 हजार गैस सिलेंडर की आपूर्ति ट्रक वाहन से की जा रही है और क्षेत्र में डिलीवर भी किया जा रहा है ताकि कोई समस्या ना हो और क्षेत्रवासियों को समय से सिलेंडर की आपूर्ति मिलती रहे जैसे-जैसे सिलेंडर गैस वहां से आता है वैसे-वैसे निरंतर सप्लाई बुकिंग के माध्यम से क्षेत्र वासियों को गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया जा रहा है।होम डिलीवरी के माध्यम से घरों तक गैस पहुंच रहा है।

## नैनी क्षेत्र में एम्स अस्पताल बनाने की सरकार से मांग भाजपा नेता सत्यम शुक्ला ने सीएम योगी को भेजा पत्र




**नैनी।** नैनी यमुनापार क्षेत्र में एम्स अस्पताल बनाने की मांग जोर पकड़ रही है। वरिष्ठ भाजपा नेता एवं शुक्ला आयरन एंड स्टील कंपनी के मालिक सत्यम शुक्ला के नेतृत्व में इस मांग को लेकर यमुनापार की जनता का व्यापक समर्थन मिल नैनी स्थित बाला जी ओम गार्डेन में गुरुवार को आयोजित प्रेस वात्ता में सत्यम शुक्ला ने इस मुद्द पर प्रमुखता से चर्चा करते हुए प्रेस वार्ता की। सत्यम शुक्ला ने बताया कि प्रयागराज में उचित स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव में कई लोग अपनी जान गंवा रहे हैं। गंभीर बीमारियों से जूझ रहे मरीजों को इलाज के लिए आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ता है, और केंद्र व प्रदेश सरकार की स्वास्थ्य योजनाएं भी पूरी तरह से लोगों तक नहीं पहुंच पा रही हैं। उन्होंने कहा कि 80 लाख की आबादी वाले प्रयागराज में स्वास्थ्य सेवाओं की मौजूदा स्थिति में सुधार के लिए यमुनापार क्षेत्र में एम्स की स्थापना होना बहुत जरूरी है। शुक्ला ने बताया कि भौगोलिक दृष्टि से देखा जाए तो यमुनापार क्षेत्र पूरे जिले का एक महत्वपूर्ण केंद्र है। उन्होंने कहा कि प्रयागराज की जनता को अब इलाज के लिए दूसरे शहरों में जाने पर मजबूर नहीं होना पड़ेगा। अगर प्रयागराज के यमुनापार में एम्स की स्थापना होती है, तो यह केवल एक अस्पताल नहीं, बल्कि लाखों लोगों के लिए जीवनदान साबित होगा। लंबी यात्रा मरीजों के लिए बन रही जानलेवा प्रयागराज की 80 लाख आबादी के लिए वर्तमान में स्वरूप रानी, बेली, कमला नेहरू, काल्विन और डफरिन जैसे कुछ ही प्रमुख अस्पताल उपलब्ध हैं। इन अस्पतालों पर अत्यधिक बोझ के कारण आम नागरिकों को संतोषजनक इलाज नहीं मिल पाता। बेहतर उपचार के लिए मरीजों को लखनउऊ, रायबरेली, गोरखपुर या वाराणसी (बीएचयू) जैसे शहरों की ओर रुख करना पड़ता है, जिनकी औसत दूरी लगभग 300 किलोमीटर है। गंभीर परिस्थितियों में यह लंबी यात्रा अक्सर मरीजों के लिए जानलेवा साबित होती है। सीएम योगी को भेजेंगे मांग पत्र, भाजपा नेता सत्यम शुक्ला ने एम्स अस्पताल बनाने के लिए सीएम योगी आदित्यनाथ से एक पत्र का माध्यम से मांग भी किया है। इसके साथ वह सीएम योगी और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री से मुलाकात कर इस मामले से अवगत कराएंगे। प्रेस वार्ता में क्षेत्र एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता राजन शुक्ला, आर.एल. डी. दुबे, गोपाल शुक्ला, राम जी मिश्रा, अजीत त्रिपाठी, कृष्णा केसरवानी (अधिवक्ता), सुनील सिंह गणेश पांडे, आलोक पांडे, कमलेश पांडे, ऋषभ शुक्ला, संकर्षण पांडे, रंजीत साहू एव सैकड़ों भाजपा समर्पित कार्यकर्ता और समर्थक उपस्थित रहें।

# प्रयागराज में अवैध खनन पर प्रशासन की बड़ी कार्रवाई, 102 वाहन सीज

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** जनपद में अवैध खनन और ओवरलोड परिवहन के खिलाफ प्रशासन ने विशेष अभियान चलाते हुए बड़े पैमाने पर कार्रवाई की है। जिलाधिकारी के निर्देश पर अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) के नेतृत्व में गठित टॉस्क फोर्स टीम ने 24 मई से 27 मई 2026 तक जिलेभर में जांच और छापेमारी अभियान संचालित किया।

अभियान के दौरान सभी तहसीलों में उप जिलाधिकारी, सहायक पुलिस आयुक्त, परिवहन विभाग और खनन विभाग की संयुक्त टीमों ने कुल 119 संदिग्ध खनन स्थलों की जांच की। जांच में नौ स्थानों पर अवैध खनन की पुष्टि होने पर संबंधित वाहनों और खनन में संलिप्त लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई।

इसके अलावा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में उपखनिजों का परिवहन कर रहे 1624 वाहनों की जांच की गई। जांच के दौरान ओवरलोड अथवा बिना वैध परिवहन प्रपत्र के संचालित पाए गए 102 वाहनों को संबंधित थानों में सीज कर दिया गया। प्रशासन की ओर से इस कार्रवाई में करीब 41.22 लाख रुपये का राजस्व भी जमा कराया गया।

विशेष अभियान के तहत बिना नंबर प्लेट के संचालित 76 वाहनों पर भी सीज और चालान की कार्रवाई की गई। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनन और नियमों के उल्लंघन के खिलाफ आगे भी अभियान जारी रहेगा।

# प्रयागराज-गोरखपुर हाईवे पर दो हादसे, ट्रेलर की टक्कर से कार क्षतिग्रस्त, बालू लदा ट्रेलर पलटा, दो घायल

अखंड भारत संदेश





**सहसों।** प्रयागराज-गोरखपुर राजमार्ग पर गुरुवार सुबह थानापुर गांव के सामने दो अलग-अलग सड़क हादसों से अफरा-तफरी मच गई। पहले हादसे में ट्रेलर की टक्कर से एक अर्टिगा कार क्षतिग्रस्त हो गई, जबकि दूसरे हादसे में बालू लदी ट्रेलर अनियंत्रित होकर पलट गई। दोनों घटनाओं में बड़ा हादसा टल गया। जानकारी के अनुसार जनपद आजमगढ़ निवासी सूरज मौर्य अपने परिवार के साथ संगम स्नान कर वापस घर लौट रहे थे। जैसे ही उनकी अर्टिगा कार थानापुर गांव के सामने पहुंची, पीछे से आ रही एक ट्रेलर अचानक पेट्रोल पंप की ओर मुड़ गई। ट्रेलर के अचानक मुड़ने पर सूरज मौर्य ने तत्काल ब्रेक लगाकर कार रोकने का प्रयास किया, लेकिन तब तक ट्रेलर का पिछला हिस्सा कार के अगले भाग से टकरा गया। हादसे में कार का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया, जबकि उसमें सवार सभी लोग सुरक्षित बच गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार यदि कार की रफ्तार अधिक होती तो हादसा गंभीर रूप ले सकता था। सूचना मिलने पर थानापुर चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू कर दी। इसी दौरान थानापुर गांव के सामने ही एक अन्य हादसे में बालू लदी बड़ी ट्रेलर यू-टर्न लेते समय अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में चालक भानु प्रताप सिंह एवं बबलू निवासी खागा, फतेहपुर घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूचना पर पहुंची थानापुर चौकी पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर दोनों घटनाओं की जांच शुरू कर दी है।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ईद-उल-अजहा पर्व





**कोरांव।** इस्लाम धर्म का प्रमुख पर्व ईद-उल-अजहा जिसे बकरीद कहा जाता है कोरांव क्षेत्र में बड़े ही हर्षोल्लास और शांतिपूर्ण सौहार्द के माहौल में मनाया गया। कस्बा कोरांव समेत क्षेत्र के विभिन्न गांव की मस्जिदों ईदगाहों में बकरीद की नमाज मुस्लिम धर्मगुरुओं ने अदा करवाई और देश में अमन चैन बनाए रखने की दुआएं की। इसके बाद कुर्बानियों का दौर शुरू हुआ और संपन्न मुस्लिम परिवारों द्वारा कुर्बानियां अल्लाह की राह में हजरत इब्राहिम की याद में दी गई। कोरांव नई मस्जिद के इमाम ने नमाज के दौरान खुतबा पढ़ा और बकरीद की फजीलत बयान की। जिसमें हजरत मौलाना सफरुद्दीन रिजवी ने कहा कि यह पैगंबर इब्राहीम की अल्लाह के प्रति भक्ति और कुबार्नी की याद में मनाया जाने वाला पर्व है और इस दिन मुसलमान नमाज अदा कर जानवर की कुबार्नी देते हैं और गोश्त को जरूरतमंदों में बांटते हैं। यह त्योहार त्याग, ईमान और इंसानियत का प्रतीक माना जाता है। इस्लामिक कैलेंडर के मुताबिक हर साल की ईद की तारीख चांद की स्थिति पर आधारित होती है और जुलहिज्जा इस्लामिक माह की दसवीं तारीख को ईद-उल-अजहा मनाई जाती है, जो कि रमजान खत्म के 70 दिन बाद आता है। मस्जिद नूरानी अल्हवा के पेश इमाम सूफी साहब ने नमाज अदा करवाई और अपने बयान में बताया कि हजरत इब्राहीम अल्लाह के आदेश पर अपने बेटे हजरत इस्माईल की कुबार्नी देने को तैयार हो गए थे लेकिन, खुदा ने उन्हें एक जानवर दे दिया इसलिए इस दिन एक बकरी, भेड़ या अन्य जानवर की कुबार्नी दी जाती है। यह पर्व संदेश देता है कि अल्लाह की राह में कुछ भी कुर्बान करने का जज्बा रखना ईमान की निशानी है। क्षेत्र के कपूरी ईदगाह, रंगनाथ पहाड़ी महुली ईदगाह एवं देवघाट, बड़ोखर, कोसफरा, पैतीहा हनुमानगंज, छड़ीगड़ा, गोबरी, कस्बा कोरांव पुरानी मस्जिद में नमाज अदा की गई और उसके बाद कुबार्नी व लोगों का मिलने जुलने का सिलसिला देर रात तक जारी रहा। चेयरमैन कोरांव ओम केसरी, पूर्व चेयरमैन नर सिंह केसरी, राजू चौबे, पिंटू चौबे भाजपा नेता समेत विभिन्न राजनैतिक दलों, सामाजिक संगठनों के लोग मुस्लिम लोगों को बधाईयां देने ईदगाह, मस्जिदों व घरों पर पहुंचे। थाना पुलिस कोरांव पूरी तरह से मुस्तैद रही।

# मोहम्मद अहसान मुस्लिम धर्म छोड़कर बने अनिल पंडित, हाईकोर्ट से हिंदू बनने को मिली कानूनी स्वीकृति

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मोहम्मद अहसान के मुस्लिम धर्म छोड़कर हिंदू धर्म अपनाकर अनिल पंडित बनने पर मुहर लगा दी है। न्यायमूर्ति अजीत कुमार और न्यायमूर्ति इंद्रजीत शुक्ला की खंडपीठ के समक्ष सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से पेश हुए अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि प्रशासन ने याचिकाकर्ता के धर्म परिवर्तन के आवेदन पर अपनी सहमति प्रदान कर दी है।

प्रयागराज निवासी याची एक डिग्री कॉलेज में प्रोफेसर हैं। इलाहाबाद विश्वविद्यालय में पीएचडी करने के दौरान उन्होंने एक हिंदू युवती से प्रेम विवाह कर लिया। उन्होंने आर्य समाज मंदिर में सनातन धर्म अपना लिया और अपना नाम अनिल पंडित रख लिया। कानूनी प्रक्रियाओं का पालन करते हुए उन्होंने उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम, 2021 के तहत 27 मई 2022 को इस्लाम धर्म से सनातन धर्म में परिवर्तित होने के लिए एक आवेदन प्रस्तुत किया था। इस आवेदन को खारिज कर दिया गया। इसे याची ने हाईकोर्ट में चुनौती दी।

याची अधिवक्ता आशीष कुमार श्रीवास्तव ने दलील दी कि याची ने सभी कानूनी औपचारिकताएं पूरी की हैं। उन्होंने बिना किसी दबाव, प्रलोभन के धर्म परिवर्तन किया है। ऐसे में उनके आवेदन को स्वीकार किया जाना चाहिए। वहीं याची की पत्नी ने कोर्ट को बताया कि उन्होंने अपनी इच्छा से प्रेम विवाह किया है। वह बलिया में एक शिक्षिका हैं।कोर्ट के आदेश पर एडीएम (प्रशासन) ने 14 मई 2026 को अंतिम आदेश पारित कर याची के धर्म परिवर्तन के आवेदन को स्वीकार कर लिया। इसके साथ ही कोर्ट ने ने याचिकाकर्ता को निर्देशित किया है कि वे धर्म परिवर्तन के उपरांत सभी आधिकारिक रिकॉर्ड, व्यक्तिगत दस्तावेजों और अपने शैक्षणिक या व्यावसायिक प्रमाण पत्रों में नाम परिवर्तन के लिए उचित आवेदन करें।यह मामला मोहम्मद अहसान के घर वापसी से जुड़ा था। मोहम्मद अहसान ने 2022 में आर्य समाज मंदिर में सनातन अपना लिया था और उनका नाम अनिल पंडित रखा गया था। याचिकाकर्ता ने अदालत को बताया कि स्कूल के दिनों से ही उनका झुकाव सनातन धर्म/हिंदू संस्कृति और परंपराओं की ओर था। उन्होंने बताया कि उनके परिवार में कभी नमाज पढ़ने की परंपरा नहीं थी।

उन्होंने कहा कि इलाहाबाद विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभाग में पीएचडी करते समय उनकी मुलाकात अपर्णा बाजपेयी से हुई और दोनों के बाद में प्रेम विवाह कर लिया था। अपर्णा बाजपेयी ने अदालत को बताया कि उन्होंने अपनी इच्छा से हिंदू रीति-रिवाजों के अनुसार अनिल पंडित से विवाह किया, लेकिन उनके पिता इस विवाह के खिलाफ थे। फिलहाल वह सात माह की गर्भवती हैं। वह बलिया के इंटर कॉलेज में अंग्रेजी की शिक्षिका हैं।

याचिकाकर्ता के वकील ने अदालत को बताया कि अनिल पंडित ने 12 जनवरी 2022 को जिला मजिस्ट्रेट के सामने यह घोषणा की थी कि वह अपनी इच्छा से सनातन धर्म अपनाना चाहते हैं। इसके बाद 14 मार्च 2022 को आर्य समाज मंदिर में विधि-विधान के साथ उनका धर्म परिवर्तन कराया गया।

# शिक्षा ही समाज को आगे बढ़ाने का सबसे बड़ा है माध्यम : धर्म प्रकाश शुक्ल

प्रयागराज से मुंबई तक अपनी कड़ी मेहनत, ईमानदारी और जनसंपर्क से युवा समाजसेवी महादेव भैया ने क्षेत्र एवं समाज में सकारात्मक बदलाव की दिशा में उल्लेखनीय कार्य कर बनाई है बड़ी पहचान



**मेजा।** तहसील क्षेत्र स्थित ऊंचडीह निवासी धर्म प्रकाश शुक्ला इन दिनों सामाजिक, राजनीतिक व युवा जागरूकता के क्षेत्र में तेजी से उभरता हुआ नाम है जो अब क्षेत्र के लोगों में एक बड़ी पहचान बन गए हैं। क्षेत्र के लोग उन्हें महादेव भैया के नाम से भी जानते हैं। बता दें कि समाजसेवा के साथ-साथ युवाओं को नई सोच और तकनीक से जोड़ने का कार्य वे लगातार कर रहे हैं। धर्म प्रकाश शुक्ला मूल रूप से मेजा विधान सभा क्षेत्र से जुड़े हुए हैं, लेकिन उनके सामाजिक अभियानों और जनसंपर्क में मुंबई-यूपी कनेक्शन भी सामने आया है। उल्लेखनीय है कि मुंबई में रहने वाले पूर्वांचल समाज और उत्तर प्रदेश के लोगों के बीच भी श्री शुक्ल की अच्छी पकड़ बताई जाती है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और जनसंपर्क अभियानों के माध्यम से महादेव भैया प्रयागराज से लेकर मुंबई तक लोगों को सामाजिक एकता की कड़ी में जोड़ने का कार्य कर रहे हैं। शिक्षा के क्षेत्र में भी धर्म प्रकाश शुक्ला विशेष रूप से फोकस है। गरीब, असहाय एवं दिव्यांग बच्चों की मदद के लिए हमेशा आगे रहना उनका संस्कार है। जरूरतमंद विद्यार्थियों को शिक्षा से जोड़ने, उन्हें प्रोत्साहित करने तथा सामाजिक सहयोग उपलब्ध कराने की दिशा में उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की स्थानीय स्तर पर काफी प्रशंसनीय है। श्री शुक्ला का मानना है कि शिक्षा ही समाज को आगे बढ़ाने का सबसे बड़ा माध्यम है। गौरतलब है कि युवाओं के रोजगार, आर्थिक सहयोग और तकनीकी जागरूकता जैसे मुद्दों को महत्व देने वाले समाजसेवी धर्म प्रकाश शुक्ला अपने दायित्व को लेकर हमेशा सक्रिय रहते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में आधुनिक तकनीक एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग को लेकर भी उन्होंने लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया है। इतना ही नहीं किसानों को सीधे बाजार से जोड़ने और बिचौलियों की समस्या कम करने जैसे विषयों पर भी उनकी पहल की चर्चा आम है। धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों में उनकी सक्रिय भागीदारी रहती है। जरूरतमंद लोगों की सहायता, युवाओं को आगे बढ़ने के प्रेरित करना तथा समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में किए जा रहे अभूतपूर्व कार्यों को स्थानीय लोग सराहनीय मानते हैं। लोगों का कहना है कि धर्म प्रकाश शुक्ला ने कम समय में अपनी मेहनत, व्यवहार और जनसंपर्क के दम पर प्रयागराज से लेकर मुंबई तक अपनी एक अलग पहचान बनाई है जो इन दिनों अपने उल्लेखनीय कार्यों की बदौलत अक्सर सुर्खियों में हैं।

# मेजा में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण माहौल में अदा हुई बकरीद की नमाज

बकरीद पर्व को लेकर बेहद एक्टिव इंस्पेक्टर मेजा दीनदयाल सिंह के नेतृत्व में चप्पे-चप्पे पर एलर्ट योगी पुलिस के जवान, संदिग्धों और अफवाह फैलाने वालों पर रही पुलिस की पैनी नजर





**मेजा।** बकरीद के पर्व को लेकर इंस्पेक्टर मेजा दीनदयाल सिंह के नेतृत्व में चप्पे चप्पे पर मेजा पुलिस पूरी तरह एलर्ट रही। इस दौरान पूरे मेजा क्षेत्र त्यौहार पर किसी प्रकार की गड़बड़ी न हो मेजा पुलिस प्रशासन चौकन्ना रहा। क्षेत्र के संवेदनशील तथा अतिसंवेदनशील इलाकों भारी पुलिस बल की तैनाती रही। लोगों को अफवाहों से बचने और शांतिपूर्ण माहौल में पर्व मनाने के लिए एक्टिव मेजा पुलिस लगातार संदेश देती रही। इस दौरान मेजा,रामनगर, सिरसा, मेजारोड,ऊंचडीह और कोहड़ार सहित अन्य बाजारों एवं कस्बों में शांति और भाईचारे के बीच बकरीद की नमाज अदा की गई। बकरीद पर्व को लेकर संपूर्ण मेजा में उत्साह का माहौल रहा। नगर पंचायत सिरसा में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने शांतिपूर्ण माहौल में ईदगाह एवं मस्जिदों में नमाज अदा की। नमाज के दौरान अमन-चैन,भाईचारे और खुशहाली की दुआ मांगी गई।

त्योहार को सकुशल संपन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आया। इस दौरान सिरसा चौकी प्रभारी सिरसा अनिल पांडेय मय फोर्स मौके पर मौजूद रहे और सुरक्षा व्यवस्था पर लगातार पैनी नजर बनाए रखी। संवेदनशील स्थानों पर चप्पे चप्पे पर पुलिस बल के जवान तैनात रहे,जिसके बदौलत पूरे क्षेत्र में शांति एवं सौहार्द का माहौल बना रहा।

नमाज के बाद लोगों ने एक- दूसरे को गले लगाकर बकरीद की मुबारकबाद दी।पूरे नगर पंचायत सिरसा में भाईचारे और उत्साह का वातावरण देखने को मिला। इसी प्रकार मेजारोड के सोरांव गांव में स्थित मदीना मस्जिद में गुरुवार सुबह मुस्लिम समुदाय के लोगों ने अकीदत के साथ बकरीद की नमाज अदा की। नमाज के बाद लोगों ने एक दूसरे को गले लगाकर ईद उल अजहा की मुबारकबाद देते हुए आपसी भाईचारे का संदेश दिया।

## सती चरित्र, शिव विवाह कथा का श्रवण जीवन में अत्यंत महत्वपूर्ण : अतुल महाराज

**जंघई।** नागरिक इंटर एवं पीजी कालेज जंघई प्रांगण के शिव मंदिर में चल रही संगीतमय शिव महापुराण कथा के चौथे दिन गुरुवार को कथा वाचक पंडित अतुल नारायण दास महाराज ने शिव विवाह और शिवपूजन विधि का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि सती चरित्र शिव विवाह कथा का श्रवण जीवन में अत्यंत महत्वपूर्ण है। शिव महापुराण के तहत शिवपूजन विधि सती चरित्र शिव विवाह का बखान करते हुए कहा कि शिव-पार्वती विवाह अनुष्ठान मुख्य रूप से महाशिवरात्रि पर किया जाता है। जिसमे भगवान शिव का जलाभिषेक, भष्म के साथ फुलों से श्रृंगार, बेलपत्र अर्पण, मां पार्वती जी को सिंदूर तथा ओम नमः शिवाय जाप के साथ शिव पुराण विवाह कथा का पाठ किया जाता है। मनुष्य जीवन में कथा का जितना महत्व होता है उससे कई गुना ज्यादा महत्व शिवपूजन विधि के साथ सती चरित्र शिव विवाह के सुनने से होता है। आज के युग मे शिव नाम मानव जीवन के लिए संजीवनी बूटी से कम नहीं। क्योंकि यह पूजा सुखद दांपत्य और शीघ्र विवाह की कामना के लिए किया जाता है। इस अवसर पर संगीतमय शिव महापुराण कथा सुनने आए महिलाओं एवं पुरुषों का मन भाव विभोर हो गया। कथा के पश्चात आरती प्रसाद वितरण किया गया इस अवसर पर महंत चंद्रमा दास महाराज, पंडित गंगा प्रसाद पांडेय, कथावाचक अशोकानंद महाराज, यज्ञाचार्य पंडित अजय पांडेय शास्त्री, उपाचार्य पंडित राहुल मिश्रा, अशोक तिवारी, प्रशांत शुक्ल, मौजी प्रधान, मनोज पांडेय, अरुण पांडेय, अशोक शुक्ला, हरिओम पांडेय, यजमान आकर्ष पांडेय, चंद्रमणि तिवारी, अरविंद शुक्ला, शिवकुमार पांडेय, राकेश दुबे सहित लोग मौजूद रहे।

# शिव महापुराण कथा सुनकर भाव-विभोर हुए जंघई निवासी

**जंघई।** नागरिक इंटर एवं पीजी कालेज जंघई प्रांगण के शिव मंदिर में चल रही संगीतमय शिव महापुराण कथा के चौथे दिन गुरुवार को कथा वाचक पंडित अतुल नारायण दास महाराज ने शिव विवाह और शिवपूजन विधि का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि सती चरित्र शिव विवाह कथा का श्रवण जीवन में अत्यंत महत्वपूर्ण है। शिव महापुराण के तहत शिवपूजन विधि सती चरित्र शिव विवाह का बखान करते हुए कहा कि शिव-पार्वती विवाह अनुष्ठान मुख्य रूप से महाशिवरात्रि पर किया जाता है। जिसमे भगवान शिव का जलाभिषेक, भष्म के साथ फुलों से श्रृंगार, बेलपत्र अर्पण, मां पार्वती जी को सिंदूर तथा ओम नमः शिवाय जाप के साथ शिव पुराण विवाह कथा का पाठ किया जाता है। मनुष्य जीवन में कथा का जितना महत्व होता है उससे कई गुना ज्यादा महत्व शिवपूजन विधि के साथ सती चरित्र शिव विवाह के सुनने से होता है। आज के युग मे शिव नाम मानव जीवन के लिए संजीवनी बूटी से कम नहीं। क्योंकि यह पूजा सुखद दांपत्य और शीघ्र विवाह की कामना के लिए किया जाता है। इस अवसर पर संगीतमय शिव महापुराण कथा सुनने आए महिलाओं एवं पुरुषों का मन भाव विभोर हो गया। कथा के पश्चात आरती प्रसाद वितरण किया गया इस अवसर पर महंत चंद्रमा दास महाराज, पंडित गंगा प्रसाद पांडेय, कथावाचक अशोकानंद महाराज, यज्ञाचार्य पंडित अजय पांडेय शास्त्री, उपाचार्य पंडित राहुल मिश्रा, अशोक तिवारी, प्रशांत शुक्ल, मौजी प्रधान, मनोज पांडेय, अरुण पांडेय, अशोक शुक्ला, हरिओम पांडेय, यजमान आकर्ष पांडेय, चंद्रमणि तिवारी, अरविंद शुक्ला, शिवकुमार पांडेय, राकेश दुबे सहित लोग मौजूद रहे।

# मेजा में सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत

नैनी एडीए निवासी कृष्णकांत गौतम बुधवार देर रात अपनी बुलेट बाइक से मिजार्पुर की तरफ जा रहे थे बीच में मेजारोड ओवरब्रिज पर अनियंत्रित बुलेट डीवाइडर से टकराई और पुल के नीचे गिरने से सड़क हादसे में हुई दर्दनाक मौत

**मेजा।** बुधवार देर रात राष्ट्रीय राजमार्ग-76 पर स्थित फ्लाई ओवर पर एक बाइक सवार की बाइक अनियंत्रित होकर ब्रिज के रेलिंग से टकरा गई, जिससे युवक पुल से नीचे गिर गया और मौत हो गई। मृतक की पहचान कृष्णकांत गौतम (28) पुत्र कैलाश नाथ निवासी नैनी एडीए के रूप में हुई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नैनी एडीए निवासी कृष्णकांत गौतम बुधवार देर रात अपनी बुलेट बाइक से मिजार्पुर जा रहे थे। जैसे ही वे प्रयागराज-मिजार्पुर मार्ग पर स्थित कठौली मेजारोड के समीप स्थित फ्लाईओवर के बीचों बीच मोड़ पर पहुंचे उनकी बाइक अचानक अनियंत्रित हो गई और डिवाइडर से टकरा गई इस दौरान कृष्णकांत पुल के नीचे जा गिरे, जिससे उनकी हालत गंभीर हो गई। हादसे की सूचना मेजारोड चौकी पुलिस को जैसे ही मिली चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और गंभीर हालत में पुल के नीचे पड़े युवक को तत्काल एंबुलेंस के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामनगर ले जाया गया जहां इलाज के दौरान डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अस्पताल में मय फोर्ड मौजूद

चौकी प्रभारी मेजारोड ने शव को कब्जे में लेकर परिजनों को सूचित किया और जांच पड़ताल की कार्यवाही करते हुए पीएम को भेज दिया।

# चाकघाट के किशोर का मेजा के बलुहा टौंस नदी में उतरता हुआ शव मिलने से मचा हड़कंप

सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची मेजा पुलिस ने उतराते हुए शव को निकाला बाहर, मृतक किशोर के जेब में मिले आधार कार्ड से हुई पहचान

**पुलिस के अनुसार मध्य प्रदेश के चाकघाट इलेक्ट्रानिक पोल के पास,रीवा निवासी 16 वर्षीय अर्जुन शुक्ला पुत्र रमाशंकर शुक्ला के रूप में हुई पहचान**



**मेजा।** बलुहा स्थित टोंस नदी में गुरुवार सुबह एक किशोर का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही मेजा पुलिस मय फोर्स मौके पर पहुंची और उतराते हुए शव को नदी से बाहर निकलवाकर कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार मेजा थाना क्षेत्र के समहन बलुहा गांव के समीप स्थित टोंस नदी किनारे कुछ ग्रामीण शौच क्रिया को गए थे। इसी दौरान उन्होंने नदी में एक किशोर का शव उतराता देखा तो हड़कंप मच गया और देखते ही देखते वहां ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। सूचना पर आनन फानन मौके पर पहुंची मेजारोड चौकी पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकलवाया। इस दौरान मृतक किशोर की पहचान अर्जुन शुक्ला (16) पुत्र रमाशंकर शुक्ला निवासी चाकघाट, इलेक्ट्रॉनिक पोल के पास, रीवा (मध्य प्रदेश) के रूप में हुई। पुलिस के मुताबिक किशोर के पास मिले आधार कार्ड से उसकी पहचान की गई।

प्राथमिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि किशोर की मौत स्नान के दौरान नदी में डूबने से हुई होगी। तेज बहाव के कारण शव बहकर मेजा क्षेत्र के बलूहा टोंस नदी तक पहुंच गया। इस संबंध थाना प्रभारी मेजा दीनदयाल सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। साथ ही परिजनों से संपर्क साधने का प्रयास किया जा रहा है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## नाम परिवर्तन की सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनेश कुमार के सर्विस रिकॉर्ड रैंक 10505561 (सिपाही) जाट रेजिमेंट बरेली में मेरी पत्नी ममता पटेल का नाम त्रुटि बस ममता देवी हो गया है। जबकि अन्य दस्तावेज में ममता पटेल दर्ज है और वह सही नाम है। इसलिए इन्हें ममता पटेल के नाम से जाना व पहचाना जाय। **शपथाकर्ता दिनेश कुमार पुत्र राम दीन निवासी ग्राम - राम नगर उमरी निजाम पुर, पोस्ट - महरौडा, थाना - सोरांव, जनपद- प्रयागराज ,(उ.प्र.) 212507।**

# ईद-उल-अजहा (बकरीद) पर्व पर जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक रहे भ्रमणशील, धर्मगुरुओं से की वार्ता

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जनपद में ईद-उल-अजहा (बकरीद) के पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं सकुशल संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन पूरी तरह सक्रिय नजर आया। गुरुवार को जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय एवं पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने जनपद के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया तथा अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। ईद की नमाज के अवसर पर जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने भोलियपुर ईदगाह पहुंचकर वहां के धर्मगुरुओं, मस्जिदों के इमामों एवं मौलानाओं से मुलाकात कर वार्ता की। इस दौरान उन्होंने सभी से आपसी भाईचारे, शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मिल-जुलकर पर्व मनाने की अपील की। साथ ही लोगों से किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न देने तथा सामाजिक समरसता बनाए रखने का आह्वान किया। प्रशासनिक अधिकारियों ने कहा कि जनपद में कानून व्यवस्था बनाए



रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा त्योहार के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। उन्होंने स्थानीय नागरिकों एवं धर्मगुरुओं से प्रशासन का सहयोग करने की भी अपील की। जनपद भ्रमण के दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने ईदगाहों एवं संवेदनशील स्थलों पर तैनात पुलिस बल एवं मजिस्ट्रेटों से भी जानकारी प्राप्त की। ड्यूटी में तैनात अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सतर्कता एवं सजगता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने तथा त्योहार को सकुशल संपन्न कराने के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए। प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर विभिन्न स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई है तथा लगातार निगरानी रखी जा रही है, जिससे पर्व शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हो सके। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी सदर अनुष्का शर्मा, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद राकेश कुमार सहित अन्य प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी तथा कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी की अभिनव पहल, किसानों और आमजन को मिलेगा सटीक मौसम पूर्वानुमान

**प्रतापगढ़।** जनपदवासियों को समय रहते मौसम संबंधी सटीक जानकारी उपलब्ध कराने तथा आपदा प्रबंधन व्यवस्था को और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन प्रतापगढ़ द्वारा महत्वपूर्ण पहल की गई है। जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय के निर्देशन में जनपद में 05 ऑटोमेटिक वेदर स्टेशन एवं 34 ऑटोमेटिक रेन गेज स्टेशन स्थापित किए गए हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि इन आधुनिक स्टेशनों के माध्यम से तापमान, वर्षा, आर्द्रता, हवा की गति, दिशा एवं वायुदाब जैसी महत्वपूर्ण जानकारियां वास्तविक समय (रीयल टाइम) में प्राप्त की जा रही हैं। इससे मौसम की सतत निगरानी संभव हो सकेगी तथा किसी भी संभावित प्राकृतिक आपदा या मौसम परिवर्तन की स्थिति में प्रशासन समय रहते आवश्यक कदम उठा सकेगा। उन्होंने कहा कि यह व्यवस्था किसानों, आम नागरिकों, स्वास्थ्य सेवाओं तथा आपदा प्रबंधन कार्यों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी। विशेष रूप से कृषि कार्यों में मौसम आधारित निर्णय लेने में किसानों को बड़ी सहायता मिलेगी। साथ ही भारी वर्षा, आंधी-तूफान अथवा अन्य प्रतिकूल मौसम की स्थिति में लोगों को पहले से सतर्क किया जा सकेगा। जनपद में स्थापित 05 ऑटोमेटिक वेदर स्टेशन तहसील सदर, कुंडा, लालगंज, पट्टी एवं रानीगंज में संचालित हैं, जबकि 34 ऑटोमेटिक रेन गेज स्टेशन विभिन्न विकास खंडों एवं महत्वपूर्ण स्थानों पर लगाए गए हैं। जिलाधिकारी ने जनसामान्य से अपील करते हुए कहा कि मौसम संबंधी अद्यतन जानकारी नियमित रूप से प्राप्त करें तथा आपदा अथवा खराब मौसम की स्थिति में प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निदेशों का पालन करें। उन्होंने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और केवल आधिकारिक सूचनाओं पर भरोसा करने की भी अपील की। उन्होंने कहा कि मौसम एवं वर्षा से संबंधित रीयल टाइम डेटा उत्तर प्रदेश शासन की वेबसाइट पर उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे आमजन भी सीधे जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि जिला प्रशासन जनहित एवं जनसुरक्षा के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है तथा आपदा प्रबंधन व्यवस्था को तकनीकी रूप से और अधिक सुदृढ़ बनाया जा रहा है।

## न्यूज झरोखा

### स्ट्रीट लाइटें खराब रात में बेलखरनाथ धाम में अंधेरा



**बेलखरनाथ धाम।** पौराणिक स्थल बाबा बेलखरनाथ धाम में अधिक मास का मेला चल रहा है लेकिन वहां लगी स्ट्रीट लाइटें खराब हो गई है। जिससे मेले में आए दुकानदारों व शिव भक्तों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।शिव भक्तों व दुकानदारों ने जिलाधिकारी का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराते हुए अविलम्ब लाइट ठीक कराएं जाने की मांग की है।बता दें कि यहां पर वैसे प्रत्येक शनिवार को मेला लगता है इसके अलावा सावन माह व पुरूषोत्तम मास शिवरात्रि पर हजारों की संख्या में शिव भक्त दर्शन पूजन व जलाभिषेक करते हैं।मंदिर के पुजारी विश्वनाथ गिरी ने बताया कि यहां पर चार स्ट्रीट लाइटें लगाई गई है लेकिन चारों बंद पड़ी है।इस संबंध में कई बार अधिकारियों को अवगत कराया गया लेकिन अभी तक समस्या निवारण नहीं हो सका।जिससे शिव भक्तों व दुकानदारों में भारी आक्रोश व्याप्त है।

### रिश्तेदारी आए वृद्ध की तबीयत बिगड़ने से मौत

**पट्टी।** आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के भुसहर गांव में रिश्तेदारी में आए एक वृद्ध की अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया।जानकारी के अनुसार जौनपुर जनपद के जमालपुर गांव निवासी वीरेंद्र सिंह (60) पुत्र रंग बहादुर सिंह पट्टी तहसील क्षेत्र के भुसहर गांव अपनी रिश्तेदारी में आए हुए थे। गुरुवार दोपहर अचानक उनकी तबीयत खराब हो गई और उन्हें सांस लेने में दिक्कत होने लगी। हालत बिगड़ने पर परिजन एंबुलेंस की मदद से उन्हें इलाज के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे।अस्पताल में मौजूद चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही मृतक के परिजन अस्पताल पहुंच गए। आवश्यक औपचारिकताओं के बाद परिजन शव को लेकर दोपहर करीब 2रू30 बजे घर के लिए रवाना हो गए।डॉ. केसी प्रसाद ने बताया कि वृद्ध को सांस लेने में परेशानी हो रही थी। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। परिजन शव को अपने साथ घर ले गए हैं।

### सड़क हादसे में पिता-पुत्र गंभीर, मेडिकल कॉलेज रेफर

**पट्टी।** कोतवाली क्षेत्र के उडैयाडीह बाजार में हुए सड़क हादसे में पिता-पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। कंधई थाना क्षेत्र के नरसिंहपुर गांव निवासी इंद्रराज वर्मा (40) अपने पुत्र शिवा वर्मा (20) के साथ बाइक से जौनपुर जनपद के सुजानगंज में आयोजित एक मांगलिक कार्यक्रम से वापस घर लौट रहे थे। इसी दौरान उडैयाडीह बाजार के पास तेज रफ्तार बोलेरो ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे चल रहे ई-रिक्शा से जा भिड़ी। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत राहत कार्य शुरू करते हुए 108 एंबुलेंस की मदद से दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पट्टी पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए दोनों को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन और गांव के लोग अस्पताल पहुंच गए। हादसे के बाद बोलेरो चालक वाहन समेत मौके से फरार बताया जा रहा है। मामले में पट्टी कोतवाल आनंदपाल सिंह ने बताया कि दुर्घटना की सूचना थाने में नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### चिकित्सक के साथ मारपीट, दो अज्ञात के खिलाफ मुकदमा

**लालगंज।** चिकित्सक को अज्ञात आरोपियों द्वारा रास्ते में रोक कर गालीगलौज के साथ मारपीट कर चुटहिल किये जाने की घटना को लेकर लालगंज पुलिस ने दो अज्ञात आरोपियो के खिलाफ केस दर्ज किया है। सीएचसी में तैनात चिकित्सक डा0 पंकज कुमार मिश्र ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि वह सत्ताईस मई को रात करीब सात बजे अझारा स्थित तारा देवी एकेडमी से अपने बच्चे को लेकर वापस आ रहे थे। इस बीच शीतलमऊ के पास वह अपनी कार खड़ी कर रहे थे इतने में दो अज्ञात आरोपी गालीगलौज करने लगे। मना करने पर आरोपियों ने चिकित्सक को जबरिया बाहर निकाल कर मारापीटा। शोर मचाने पर राहगीरों के जुटने पर आरोपी जानलेवा धमकी देते चले गये। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि केस दर्ज किया गया है, आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## हत्या के प्रयास मामले में दो आरोपी गिरफ्तार, अवैध पिस्टल व कारतूस बरामद

अखंड भारत संदेश

**कुंडा।** थाना हथिगवां पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त अवैध देशी पिस्टल, जिंदा कारतूस और एक एप्पल कंपनी का मोबाइल फोन बरामद किया है।

पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ दीपक भूकर के निर्देशन में चलाए जा रहे अपराधियों के विरुद्ध अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी बृजनन्दन राय एवं क्षेत्राधिकारी कुण्डा अमरनाथ गुप्ता के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी हथिगवां सत्येन्द्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने दोनों अभियुक्तों को बरौंधा अंडरपास के पास से गिरफ्तार किया। जानकारी के अनुसार 25 मई 2026 को थाना क्षेत्र के पूरेजीत चैधरी गांव




निवासी एक व्यक्ति ने तहरीर देकर बताया था कि उसका पुत्र लल्लन सिंह घर के बरामदे में बैठा था, तभी मोटरसाइकिल से आए दो युवकों ने जान से मारने की नीयत से उस पर गोली चला दी तथा चाकू से हमला कर दिया। हमले में लल्लन सिंह गंभीर रूप से घायल होकर मौके पर बेहोश हो गया था। मामले में थाना हथिगवां पर हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस जांच के दौरान मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान पुष्कर सिंह उर्फ हर्ष निवासी मिश्रदयालपुर थाना हथिगवां तथा शौर्य उर्फ आर्यन पाण्डेय निवासी मिजार्पुर के रूप में हुई। दोनों वर्तमान में प्रयागराज में रह रहे थे।पूछताछ में आरोपी हर्ष ने बताया कि आगामी ग्राम प्रधान चुनाव को लेकर रंजिश के चलते लल्लन सिंह को रास्ते से हटाने की योजना बनाई गई थी। इसी योजना के तहत दोनों आरोपी उसके घर पहुंचे और हमला कर फरार हो गए। बाद में वे लखनऊ भागने की फिराक में थे, तभी पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक अवैध देशी पिस्टल 0.32 एमएम, दो जिंदा कारतूस और एक एप्पल कंपनी का मोबाइल फोन बरामद किया है। बरामदगी के आधार पर मुकदमे में आर्म्स एक्ट की धारा 3625 की बढ़ोत्तरी भी की गई है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक विवेक पाण्डेय, उपनिरीक्षक प्रिन्स तिवारी, उपनिरीक्षक अजय कुमार, महिला उपनिरीक्षक राखी सिंह तथा कांस्टेबल गौरव कुमार शामिल रहे।

## कुंडा में अकीदत के साथ अदा की गई ईद-उल-अजहा की नमाज

**कुंडा।** तहसील क्षेत्र में बृहस्पतिवार को ईद-उल-अजहा का पर्व पूरे धार्मिक उत्साह, अकीदत और भाईचारे के साथ मनाया गया। सुबह से ही मुस्लिम समुदाय के लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। नए कपड़े पहनकर बच्चे, युवा और बुजुर्ग बड़ी संख्या में ईदगाह पहुंचे, जहां नमाज अदा कर मुल्क में अमन-चैन, तरक्की और खुशहाली की दुआ मांगी गई। ईदगाह परिसर में नमाज के दौरान अनुशासन और श्रद्धा का माहौल देखने को मिला। मौलाना यासिर ने ईद-उल-अजहा की नमाज अदा कराई। नमाज से पहले उन्होंने अपने बयान में कुबार्नी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ईद-उल-अजहा त्याग, समर्पण और इंसानियत का पर्व है। उन्होंने लोगों से आपसी प्रेम, भाईचारा और सामाजिक सौहार्द बनाए रखने की अपील की। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी। बच्चों में भी ईद को लेकर खास उत्साह दिखाई दिया। ईदगाह और आसपास के इलाके में मेले जैसा माहौल बना रहा। ईदगाह में नमाज अदा करने पहुंचे लोगों के लिए इंतेजामकार वकील आफताब आलम द्वारा बेहतर व्यवस्थाएं कराई गईं। नमाजियों के लिए पेयजल, साफ-सफाई, बैठने की व्यवस्था और अन्य सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा गया। लोगों ने व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए कहा कि हर वर्ष की तरह इस बार भी बेहतर इंतजाम किए गए। पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन भी पूरी तरह सतर्क रहा। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस बल तैनात रहा और अधिकारियों ने लगातार क्षेत्र का जायजा लिया। ईद-उल-अजहा के मौके पर पूरे क्षेत्र में भाईचारे और सौहार्द का वातावरण देखने को मिला। लोगों ने एक-दूसरे के घर पहुंचकर ईद की बधाई दी और आपसी प्रेम का संदेश दिया।

## चालीस साल बाद कोर्ट ने चोरी की घटना में दो आरोपियों को सुनाई कारावास व अर्थदण्ड की सजा

**अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में पुलिस ने दाखिल किया था घटना को लेकर अभियोग पत्र**

**लालगंज।** चोरी की घटना में चालीस साल बाद कोर्ट द्वारा दो अभियुक्तों को सजा सुनाए जाने को लेकर गांव में हडकंप मच गया। लालगंज कोतवाली के मालाधर छत्ता गांव में बीते वर्ष 1986 में इक्तीस अगस्त की रात चोरी की घटना हुई थी। पुलिस ने खुलासा करते हुए सात आरोपियों के खिलाफ कोर्ट में अभियोग पत्र दाखिल किया था। इस मामले की सुनवाई अपर मुख्य न्यायिक मजिस्टेज्ट कक्ष संख्या तेरह में विचाराधीन थी। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्टेज्ट विराटमणि त्रिपाठी ने मुकदमें की गंभीरता को देखते हुए चोरी की घटना में दोष सिद्ध पाए गए दो आरोपियों मालाधर छत्ता निवासी छोटे लाल पुत्र बेनीमाधव व वंशीलाल पुत्र बैजनाथ को पांच-पांच वर्ष के साधारण कारावास तथा दस हजार रुपए अर्थदण्ड से दण्डित किये जाने की सजा सुनाई। कोर्ट ने अर्थदण्ड देय न होने की स्थिति में आरोपियों को तीन तीन माह के अतिरिक्त कारावास के दण्ड भुगतने का फरमान भी जारी किया है। मुकदमें के विचाराधीन होने की स्थिति में आरोपी पुच्चू उर्फ गिरिजाशंकर पुत्र दुखी तथा कालू पुत्र रामसुख, अयोध्या पुत्र जगन्नाथ व मोती लाल पुत्र भगवत तथा दयाराम पुत्र शिवराम की मौत हो गयी। बीती तेईस मई को कोर्ट द्वारा आरोपियों को सजा मिलने की जानकारी होने पर गांव में चर्चा के साथ हडकंप का माहौल बना देखा जा रहा है।

## बाइक फिसलने से युवक घायल

**पट्टी।** पट्टी-प्रतापगढ़ मार्ग पर दीवानगंज बाजार के समीप गुरुवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से घायल को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पट्टी लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। मरियमपुर गांव निवासी अनिल कुमार पुत्र राम जतन आज दोपहर मुंबई जाने के लिए अपने घर से निकला था। जैसे ही वह बाइक से दीवानगंज बाजार के पास पहुंचा, अचानक उसकी मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर सड़क पर फिसल गई। हादसे में अनिल कुमार सड़क पर दूर तक घिसटता चला गया, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं। बाईक से युवक को गिरता देख आसपास के लोग पहुंचे और युवक को एंबुलेंस से पट्टी सीएचसी भेजा। जहां पर डाक्टरों ने युवक का प्राथमिक उपचार किया। युवक के हाथ गंभीर चोट आई है।

## पांच जिंदा देसी बम के साथ बदमाश गिरफ्तार

**पट्टी।** आसपुर देवसरा में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत आसपुर देवसरा पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने अंतरजनपदीय अपराधी सच्चे उर्फ फत्ते को 5 जिंदा अवैध देसी बम के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी की गिरफ्तारी तेलियानी नहर पुलिया के पास से की गई।पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार आरोपी सच्चे उर्फ फत्ते पुत्र अनिल, थाना आसपुर देवसरा क्षेत्र के रमगढ़ा गांव का निवासी है और उसके खिलाफ पहले से हत्या के प्रयास, गोवध निवारण अधिनियम, चोरी समेत कई गंभीर मुकदमे दर्ज हैं। थाना प्रभारी राकेश कुमार चैरसिया के नेतृत्व में उपनिरीक्षक हरिन्द नारायण राय, उपनिरीक्षक संजय कुमार और पुलिस टीम संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को दबोच लिया। तलाशी में उसके पास से 5 जिंदा




अवैध देसी बम बरामद हुए।पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आरोपी का आपराधिक इतिहास काफी लंबा है और वह कई मामलों में वांछित चल रहा था। एसपी प्रतापगढ़ दीपक भूकर के निर्देश पर जिले में अपराधियों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत यह बड़ी कार्रवाई मानी जा रही है।

## कुर्बानी के त्यौहार पर अदा हुई नमाज, दी गई मुबारकबाद

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** लालगंज इलाके मे गुरूवार को बकरीद के त्यौहार पर नमाज अदा की गयी। वहीं लोगों ने ईदगाहो पर एक दूसरे को ईद-उल-अजहा की मुबारकबाद सौंपी। ईद उल अजहा के त्यौहार पर अकीदतमंदो ने परवर दिगारे आलम से मुल्क एवं समाज की भलाई की मजबूती तथा बुराई से दूर रहने के लिए कुबार्नी को याद किया। इलाके के नगर पंचायत क्षेत्र की बाजार खास मस्जिद, खाना पटटी ईदगाह, खालसा सादात तथा अझारा मे ईद उल अजहा के त्यौहार पर नगर पंचायत की तरफ से भी बेहतरीन इंतजामात देखा गया। नगर पंचायत द्वारा ईदगाहो पर साफ सफाई के प्रबन्ध के अलावा मिठाई व पीने के पानी की भी नमाजियो के लिए व्यवस्था कर रखी थी। ईओ इन्द्र



प्रताप को प्रबन्धों की देखरेख में मशक्कत करते देखा गया। वहीं त्यौहार को लेकर पुलिस व प्रशासन को भी सुबह से मुस्तैद देखा गया। जिले के अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी बृजनंदन राय ने भी लालगंज क्षेत्र में भ्रमण कर कानून और व्यवस्था के प्रबन्धों का जायजा लिया। तहसीलदार गरिमा वर्मा ने राजस्वकर्मियों के साथ लालगंज क्षेत्र में भ्रमण किया। वहीं सीओ आशुतोष मिश्र तथा लालगंज कोतवाल आलोक कुमार ने संयुक्त भ्रमण कर खानापटटी, खालसा सादात, रानीगंज कैथौला आदि इलाकों मे त्यौहार के प्रबन्धो की देखरेख की।

## विद्यार्थी परिषद प्रमुख ने हासिल किया पीएचडी उपाधि

**प्रतापगढ़।** प्रताप बहादुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय के डीएलएड विभाग के विभागाध्यक्ष व विद्यार्थी परिषद के जिला प्रमुख अजीत प्रताप सिंह ने उत्तराखंड के प्रोफेसर डॉ0 नवनीत कुमार सिंह के निर्देशन में कुंठा के प्रभाव का अध्ययनष विषय पर शिक्षा शास्त्र विषय में शोध कार्य कर पीएचडी की उपाधि हासिल कर गौरव बढ़ाया है। अजीत के इस उपलब्धि पर कॉलेज के शिक्षकों ईष्ट मित्रों शुभचिंतकों में हर्ष का माहौल है। इस अवसर पर शिक्षकों एवं साथियों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की अजीत सिंह ने बताया कि जनपद के माध्यमिक विद्यालयों के विज्ञान एवं कला वर्ग के विद्यार्थियों के



समायोजन स्तर,सामाजिक एवं आर्थिक स्तर, एवं शैक्षिक उपलब्धि स्तर पर कुंठा के प्रभाव का अध्ययनष विषय पर उत्तराखंड के प्रोफेसर डॉ0 नवनीत कुमार सिंह के निर्देशन में शिक्षा शास्त्र विषय में शोध कार्य किया गया।

## करोड़ों की लागत से बन रही सड़क का निर्माण कार्य ठप

### बच्चों के स्कूल जाने पर संकट प्रशासन बैकफुट पर, कई गांवों के लोग प्रभावित

अखंड भारत संदेश

**बेलखरनाथ धाम।** विकास को रफ्तार देने के लिए करोड़ों रुपये की लागत से शुरू किया गया सड़क निर्माण कार्य पिछले कुछ समय से पूरी तरह ठप पड़ा है।विभाग की लापरवाही का खामियाजा अब ग्रामीण भुगतने को मजबूर हैं। सड़क का काम बीच में ही रुक जाने के कारण पूरी सड़क गड्ढों और मलबे में तब्दील हो चुकी है,जिससे कई गांवों का संपर्क मुख्य मार्ग से टूट गया है।

लोक निर्माण विभाग द्वारा बनने वाली विष्णुपुर रुपीपुर सड़क का निर्माण कार्य ठप होने से बच्चों की पढ़ाई पर संकट बना हुआ है बच्चों का स्कूल जाना दूभर हो गया है। राह में जगह-जगह गहरे गड्ढे और बिखरी हुई गिट्टियों के कारण आए दिन हादसे हो रहे हैं। स्कूली वाहन गांवों के



भीतर आने से कतरा रहे हैं, जिसके कारण बच्चों को कई किलोमीटर पैदल चलकर मुख्य मार्ग तक आना पड़ता है। बारिश या हल्की धूल उड़ने पर भी रास्ता चलने लायक नहीं बचता। ग्रामीणों का कहना है कि अगर यही स्थिति रही, तो वे अपने बच्चों को स्कूल भेजना बंद करने पर मजबूर हो जाएंगे। पूरे प्रकरण में राजनीतिक दखलंदाजी की बात सामने आ रही है।पूर्व में खड़ंजे का निर्माण हुआ है वर्तमान समय में इस खड़ंजे पर ही सड़क का निर्माण हो रहा है। इस मामले में लोक निर्माण विभाग ने एसडीएम रानीगंज को एक पत्र लिखकर स्थल की पैमाइश करने का भी अनुरोध किया है लेकिन इसके बावजूद तहसील प्रशासन भी मौन है। प्रशासन के बैक फुट रहने पर कई गांवों की जनता परेशान है। इस निर्माण कार्य के रुकने से चिरकुटी, सवैया, रूपीपुर, विष्णुपुर,सहित कई गांवों की हजारों की आबादी सीधे तौर पर प्रभावित हुई है। स्थानीय निवासियों में प्रशासन के खिलाफ भारी आक्रोश है। ग्रामीणों के बढ़ते विरोध और तीखे सवालों के बाद स्थानीय प्रशासन पूरी तरह बैकफुट पर नजर आ रहा है। अधिकारी अब तक काम रुकने का कोई ठोस कारण नहीं बता पाए हैं और केवल जल्द काम शुरू कराने का रटा-रटाया आश्वासन दे रहे हैं। ग्राम प्रधान एवं ग्रामीणों का कहना है कि करोड़ों का बजट पास होने के बावजूद काम का इस तरह अधर में लटकना सीधे तौर पर भ्रष्टाचार और घोर लापरवाही को दशार्ता है।

## ऑपरेशन के बाद युवक की मौत डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप

**पट्टी।** आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के ढकवा स्थित प्रतीक हॉस्पिटल एंड दूरबीन सेंटर में ऑपरेशन के बाद युवक की मौत हो जाने से परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक के परिजनों ने अस्पताल प्रशासन और डॉक्टर पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है।जानकारी के अनुसार कोहंडौर थाना क्षेत्र के अतरसंड गांव निवासी 32 वर्षीय जुनैद खान पुत्र तेग बहादुर खान पित्त की थैली में पथरी की समस्या से पीड़ित थे। परिजनों के मुताबिक उनका ऑपरेशन डॉ. पंकज पाल द्वारा किया गया था। आरोप है कि ऑपरेशन के दौरान लापरवाही बरती गई, जिससे उनकी हालत बिगड़ गई।स्थिति गंभीर होने पर जुनैद को इलाज के लिए लखनऊ के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि ऑपरेशन के दौरान नस कट जाने से संक्रमण और गंभीर दिक्कतें पैदा हो गईं, जिसके चलते युवक की जान चली गई।घटना के बाद परिवार में मातम पसरा हुआ है। मृतक अपने पीछे पत्नी शाहीन और पांच वर्षीय बेटी अनबिया को छोड़ गया है। बताया जा रहा है कि तेग बहादुर खान के पांच बेटों में जुनैद तीसरे नंबर पर था। युवक की मौत की खबर मिलते ही गांव और आसपास के क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। मृतक के भाई साबित खान ने अस्पताल और डॉक्टर के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए पुलिस को तहरीर दी है। शव लखनऊ से गांव पहुंचने के बाद बुधवार को गांव के कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया। इस संबंध में थाना अध्यक्ष राकेश चैरसिया ने बताया कि मामले की शिकायती पर प्राप्त हो गया है मामले की जांच कराई जा रही है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत

## विवाहिता की मौत के बाद उसका पति मौके से हुआ फरार

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** चरवा थाना क्षेत्र के कूड़ापुर गांव में एक विवाहिता का शव घर के आंगन की चारपाई पर पड़ा हुआ मिला है विवाहिता के शरीर में गंभीर चोट निशान थे विवाहिता की मौत के बाद उसका पति मौके से फरार हो गया है। मामले की सूचना मिलते ही गांव के सैकड़ो लोग घटना स्थल पर पहुंच गए मामले की सूचना थाना पुलिस और विवाहिता के मायके के लोगों को दी गई सूचना पाकर मायके के लोग और पुलिस भी पहुंच गई है मायके के लोगों ने दहेज की डिमांड पूरी न होने पर विवाहिता की हत्या किए जाने का आरोप लगाया है पुलिस ने



विवाहिता के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक सराय अकिल थाना क्षेत्र के चंदूपुर गांव निवासी बृजलाल की बेटी रीता देवी की शादी चरवा थाना क्षेत्र के कूड़ापुर



गांव निवासी सुभाष चंद्र के साथ वर्ष 2016 में हिंदू रीति रिवाज से हुई थी शादी के बाद से ही दहेज की लगातार डिमांड की जाती रही जिसे मायके के लोग पूरा नहीं कर सके जिससे आए दिन विवाहिता के साथ मारपीट अत्याचार होता रहा।

बुधवार को मायके के लोगों को सूचना मिली कि रीता की तबीयत ठीक नहीं है सूचना पर जब मायके के लोग विवाहिता के ससुराल पहुंचे तो विवादित का शव आंगन की चारपाई पर पड़ा था उसके शरीर में गंभीर चोट के निशान थे हालांकि ससुराल के लोगों का कहना है कि विवाहिता ने फांसी लगा आत्महत्या कर लिया है लेकिन फांसी लगने का कोई निशान मौके पर नहीं मिला है सूचना पाकर पहुंची पुलिस में विवाहिता के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### गांव क्षेत्र में धधक रही है शराब की भट्ठियां

**कौशांबी।** जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र में गांव गांव शराब की भट्ठियां खुलेआम धधक रही है जहां खुलेआम भट्ठी संचालकों द्वारा शराब बनाई जाती है शराब बनाने के बाद भट्ठी संचालकों द्वारा खुलेआम शराब बेची जाती है जहां पीने वालों की भीड़ भी लगती है लेकिन कार्यवाही नहीं होती है शराब भट्ठी के अवैध संचालन में शामिल लोगों पर ना तो आबकारी विभाग कार्रवाई कर रहा है और ना ही थाना पुलिस द्वारा कार्यवाही की जा रही है जिससे दोनों विभाग पर बड़े सवाल खड़े हो गए हैं खुलेआम शराब बनाना और उसको बेचने में शामिल लोग किसके संरक्षण में अवैध शराब निर्माण बिक्री वा शराब भट्ठी का संचालन कर रहे हैं यह बड़ी जांच का विषय है सूत्रों की माने तो जिले की 80 प्रतिशत गांव में दर्जनों भट्ठी खुलेआम संचालित हो रही है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत, पहचान कराने में जुटी पुलिस

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** सैनी थाना क्षेत्र के डोरमा गांव के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग पर बुधवार को दर्दनाक सड़क हादसे में लगभग 40 वषीय एक अज्ञात युवक की मौत हो गई। तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने युवक को जोरदार टक्कर मार दी,जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद चालक वाहन समेत फरार हो गया।घटना बुधवार की बताई जा रही है। हादसे के बाद मौके पर राहगीरों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलने पर सैनी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पहचान कराने का प्रयास शुरू किया, लेकिन देर रात तक मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी।डीएसपी सिराथू सत्येंद्र तिवारी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है तथा मृतक की पहचान कराने का



प्रयास किया जा रहा है। वहीं थाना प्रभारी सैनी त्रिलोकीनाथ पाण्डेय ने बताया कि आसपास के गांवों और क्षेत्रीय लोगों से संपर्क कर शव की शिनाख्त कराने की कोशिश की जा रही है। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि यदि किसी को मृतक के संबंध में कोई जानकारी हो तो मोबाइल नंबर 8756212464 पर सूचना देकर पुलिस की सहायता करें।

## पूर्व पुलिसकमी के परिवार को जान से मारने की धमकी, दबंगों पर बंदूक लहराने का आरोप

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** सराय अकिल थाना क्षेत्र के हर्रायपुर गांव में जमीन की पैमाइश को लेकर विवाद ने तूल पकड़ लिया उ०प्र० पुलिस के पूर्व कमर्चारी मनबोध सिंह ने गांव के कई लोगों पर परिवार को जान से मारने की धमकी देने,घर में घुसकर गाली-गलौज करने और बंदूक लहराकर दहशत फैलाने का गंभीर आरोप लगाया है।पीड़ित मनबोध सिंह के अनुसार, 24 मई 2026 को उनका बेटा और बहू जमीन की नाप करा रहे थे। इसी दौरान वीडियो बनाने को लेकर गांव के कुछ लोगों से कहासुनी हो गई। आरोप है कि विवाद खत्म होने के बाद राम प्रकाश उर्फ बल्ला, निरंजन प्रकाश,स्वयं प्रकाश समेत कई लोग मौके पर पहुंचे और जान से मारने की धमकी देने लगे।पीड़ित का आरोप है कि इसी बीच एक आरोपी घर के अंदर जाकर बंदूक निकाल लाया,जिसके बाद उनका परिवार जान बचाकर वहां से भागा।मनबोध सिंह ने बताया कि कुछ देर बाद जीतू प्रकाश,विनय गौतम,शिवभूषण,अनंत कुमार समेत अन्य लोग भी इकट्ठा होकर गाली-गलौज और धमकी देने लगे। आरोप है कि जब वह थाने में मौजूद थे,तभी आरोपी पक्ष का चन्दन प्रकाश उनके घर में घुस गया और उनकी बेटी को धमकाने लगा। घर पर अकेली मौजूद बेटी ने वीडियो कॉल के जरिए पूरा घटनाक्रम पिता को दिखाया, जिसके बाद उन्होंने पुलिस को भी अवगत कराया।पीड़ित का कहना है कि 25 मई को उन्होंने पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी को शिकायती पत्र दिया,लेकिन इसके बावजूद आरोपी पक्ष लगातार धमकियां दे रहा है।आरोप है कि आरोपी खुलेआम बंदूक लेकर घूमते हैं और कहते हैं कि पुलिस हमारा कुछ नहीं बिगाड़ पाएगी।घटना के बाद पीड़ित परिवार में दहशत का माहौल है। मनबोध सिंह ने पुलिस प्रशासन से आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और परिवार की सुरक्षा की मांग की है। वहीं,मामले को लेकर क्षेत्र में चर्चा तेज हो गई है।

# बकरीद पर ईदगाहों-मस्जिदों में उमड़ी अकीदतमंदों की भीड़

### अता हुई ईद उल अजहा की नमाज



अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** बकरीद का त्योहार जिले में शांतिपूर्ण माहौल में मनाया गया। जिले की ईदगाहों और मस्जिदों में बड़ी संख्या में नमाजियों ने ईद-उल-अज़हा की नमाज अदा की और देश में अमन-चैन,खुशहाली और तरक्की की दुआ मांगी। त्योहार को लेकर पुलिस और प्रशासन पूरी तरह अलर्ट नजर आया।जिले की 84 ईदगाहों और 282 मस्जिदों में बकरीद की नमाज अदा की गई। सुबह से ही नमाजियों की भारी भीड़ ईदगाहों और मस्जिदों में जुटनी शुरू हो गई थी। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले मिलकर बकरीद की मुबारकबाद दी और देश में शांति, भाईचारे और तरक्की की दुआ मांगी। त्योहार को सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस और प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा।डीएम डॉ अमित पाल और एसपी सत्यनारायण प्रजापत खुद सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभाले रहे। जिले को 4 सुपर जोन और 39 सेक्टर में बांटकर भारी पुलिस बल और पीएसी की तैनाती की गई थी। संवेदनशील इलाकों में लगातार निगरानी रखी गई। प्रशासन ने लोगों से सौहार्द और शांति बनाए रखने की अपील की।मंझनपुर जामा मस्जिद में एसडीएम आकाश सिंह, एएसपी अमिता सिंह,ईओ प्रतिभा सिंह सहित तमाम अधिकारी और कमर्चारी तैनात रहे।

### एडीजी ने ईदगाह पहुंचकर परखी सुरक्षा व्यवस्था, अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

**बकरीद पर हाई अलर्ट**

**कौशाम्बी।** बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण और सौहादर्पूर्ण माहौल में सम्पन्न कराने के लिए पुलिस-प्रशासन पूरी तरह अलर्ट नजर आया। इसी क्रम में प्रयागराज जोन के अपर पुलिस महानिदेशक एडीजी ज्योति नारायण ने जिले का दौरा कर सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था की तैयारियों का जायजा लिया।एडीजी ने जिलाधिकारी अमित पाल और पुलिस अधीक्षक सत्यनारायण के साथ थाना कड़ाधाम क्षेत्र स्थित ईदगाह का निरीक्षण किया। इस दौरान ईदगाह परिसर,आने-जाने वाले मार्ग,बैरिकेडिंग,पार्किंग, साफ-सफाई,पेयजल, बिजली और सुरक्षा इंतजामों की गहन समीक्षा की अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि त्योहार के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो और संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष सतकर्ता बरती जाए।निरीक्षण के दौरान एडीजी ने सोशल मीडिया पर लगातार निगरानी रखने,अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई करने और ड्यूटी में लगे पुलिसकमिर्यों को पूरी मुस्तैदी के साथ जिम्मेदारी निभाने के निर्देश दिए।थाना कड़ाधाम ईदगाह पर भारी संख्या में लोगों ने नमाज अदा की।





### बकरीद त्योहार पर लगातार भ्रमणशील रही पूरा मुफ्ती पुलिस

**कौशांबी।** प्रयागराज जनपद के पूरा मुफ्ती थाना क्षेत्र में प्रभारी निरीक्षक ने पुलिस बल के साथ दिनांक 28 5 2026 को बकराईद त्योहार को दृष्टिगत रखते हुए इलाके में फ्लैग मार्च पैदल गस्त किया बकरीद के त्यौहार को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए पुलिस फोर्स पूरी तरह से इलाके में लगातार भ्रमण करता रहा शांतिपूर्ण तरीके से बकरीद का त्योहार संपन्न हुआ कस्बा पूरामुफ्ती व ग्राम मनौरी अहमदपुर पावन व मंदरदेह माफी आदि ग्रामों का भ्रमण पुलिस बल द्वारा किया गया तथा ग्रामों में मौजूद लोगों से वार्ता की गई और आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए तथा रोड के किनारे खड़े वाहनों को हटवाया गया तथा एमवी एक्ट के तहत गलत वाहनों का चालान कराए गए तथा रोड के किनारे लगे हुए सब्जी ठेला वालों को भी हटाया गया तथा रोड को साफ कराया गया।

# पूरे कुनबे पर लाठी डंडा धारदार हथियार से दबंगों ने किया हमला हूलुहान

**हमलावरों को कुसी और घायलों को पुलिस ने भेजा हवालात**

**मंझनपुर कोतवाली में नेताओं के दबाव में निष्पक्ष कार्यवाही नहीं कर पा रही पुलिस**

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के भेलखा गांव में बुधवार की सुबह सविता देवी पत्नी बीरबल के घर पर महेश गोरेलाल सहित आधा दर्जन से अधिक हमलावर लाठी डंडा और धारदार हथियार लेकर गाली गलौज करते हुए पहुंच गए महिला सविता उसके पति बीरबल और महिला की सास ननंद मालती देवी को लाठी डंडे और धारदार हथियार से बेरहमी से मारा पीटा गया है जिससे कई



लोगों के सिर फट गए और कई लोगों को गंभीर चोटे आई हैं आधा घंटे से अधिक समय तक महिला के घर में दबंगों ने जमकर तांडव मचाया महिलाओं को जमीन पर पटक पटक कर बेरहमी से मारा गया जिससे कई लोगों के सिर फट गया और कई लोगों के शरीर में गंभीर चोटे आई हैं मामले की सूचना लेकर घायल महिला और उसके पति सहित सभी लोग



मंझनपुर कोतवाली पहुंचे लेकिन महिलाओं की तहरीर पर मुकदमा लिखकर उनका मेडिकल कराना और आरोपियों को गिरफ्तार करने के बजाय कोतवाली पुलिस ने घायल लोगों को ही हवालात में डाल दिया है वहीं हमला करने वाले दबंग भी कोतवाली पहुंच गए जहां नेताओं के दबाव में हमलावरों को कुसी में सम्मान दिया गया है।

### तपन भरी गमी में कहां गायब हो गए गरीबों के हिमायती नेता जन प्रतिनिधि अधिकारी

**कौशांबी।** दिनों दिन आसमान से गमी बरस रही है गमी के चलते आम जनता गरीब कमजोर परेशान दिखाई पड़ रही है ठंडी के दिनों में कम्बल वितरण कर अलाव की व्यवस्था कराकर बड़ी-बड़ी फोटो खिंचवाकर आम जनता के हिमायती बनने का प्रयास नेता अधिकारी और जनप्रतिनिधि द्वारा किया जा रहा था लेकिन ठंडी का समय बीत गया है अब गमी के प्रकोप का समय आ गया है ठंडी से ज्यादा गमी के प्रकोप से गरीब कमजोर मजलूम परेशान है उनके पास रहने के लिए जगह नहीं है छप्पर और झोपड़ी में दिन गुजर रहे हैं पेड़ के नीचे समय काट रहे हैं। लेकिन गमी के महीने में जनता के हिमायती बनने वाले यह नेता अधिकारी और जनप्रतिनिधि गायब हो गए हैं गरीब कमजोर मजलूम आम जनता का कहना है कि जो नेक दिल अधिकारी नेता जनप्रतिनिधि ठंडी में कम्बल और अलाव की व्यवस्था कर रहे थे भोजन बटवा रहे थे उन अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को इस तपन भरी गमी में फ्रिज कूलर एसी पंखा बटवा कर जनता के हिमायती बनने का सपना पूरा करना होगा भीषण गमी में परेशान आम जनता का कहना है कि जनता के हिमायती नेता अधिकारी जनप्रतिनिधि तपन भरी गमी में प्याऊ की व्यवस्था कर दें महादेव उनके कलेजे को हमेशा ठंडक देंगे और लंबी उम्र बल शौर्य प्रदान करेंगे।

# जिले में लचर बिजली व्यवस्था के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन डीएम को सौंपा ज्ञापन

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** मंझनपुर जिला मुख्यालय पर जनपद में अघोषित बिजली कटौती,और लो वोल्टेज एवं दिन प्रतिदिन बढ़ रहे पेट्रोल,डीजल और सीएनजी के दामों के खिलाफ जिलाध्यक्ष गौरव पाण्डेय ने पाटी पदाधिकारियों के साथ बुधवार को ई रिक्शा से मुख्यालय पहुंचे और बिंदुवार ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा इस दौरान जिलाध्यक्ष गौरव पाण्डेय ने कहा कि जब अभी पूर्व में 5 राज्यों के चुनाव थे तो देश के प्रधानमंत्री ने कहा था कि हमारे पास किसी चीज की कमी नहीं है और जैसे ही चुनाव खत्म हुआ वैसे ही सब चीजों का दाम बढ़ा रहें है हमारे नेता राहुल गांधी ने कहा कि देश में आर्थिक तूफान आने वाला जिससे देश की जनता पर इसका गहरा दुष्प्रभाव पड़ेगा। और उसका परिणाम




दिखने लगा है बेतहाशा महंगाई से आम जनता परेशान हो रही है देश की जनता को मोदी जी कह रहे हैं कि विदेश यात्रा न करें फिजूल खर्चे कम करें और खुद ही 5 देश की यात्रा पर गए और अब महंगाई धीरे धीरे बढ़ाकर देश को ठगने का कार्य भाजपा कर रही है लेकिनकांग्रेसजन जनता के दैनिक और मूल जरूरतों के लिए प्रदर्शन करेंगे ! देश की जनता को अब उम्मीद और विश्वास से राहुल गांधी व कांग्रेस पाटी की ओर ,देख रही है। उन्होंने कहा कि बिजली की लो वोल्टेज की समस्या और बिजली की बेतहाशा कटौती से जनजीवन प्रभावित हो गया है आम जनता बिजली की समस्या से बिलबिला रही है लेकिन सरकार बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए गंभीर नहीं दिखाई पड़ रही है दूसरी तरफ डीजल पेट्रोल और सीएनजी के दामों में भी रोज बढ़ोतरी हो रही जिसे जनता के ऊपर बोझ बढ़ता जा रहा है लगातार बढ़ती महंगाई से जनता में आक्रोश बढ़ गया है और देश की जनता अब भाजपा का दोहरा चरित्र देख चुकी है अब इसका जवाब अपने वोट के माध्यम से आने वाले चुनावों में देगी। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष उदय यादव, जिला महासचिव सुरेन्द्र शुक्ला, शशि त्रिपाठी, जिला सचिव हेमन्त रावत सोसल मीडिया जिलाध्यक्ष सचिन पाण्डेय, ब्लाक अध्यक्ष रावेंद्र यादव, रमेश यादव, नगर सचिव नौशे आलम, गोलू जायसवाल सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# फूड इन्सपेक्टर की वसूली से परेशान दुकानदारों का जीना हुआ बेहाल

**खुले आम हो रही वसूली पर रोक लगाए जाने का प्रयास नहीं हो रहा है पूरा फूड विभाग भ्रष्टाचार में शामिल**

**नोटों की गड्डियों पर सोने वाले अफसर की कहानी चौंकाने वाली है**

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** जिले की तीनों तहसील क्षेत्र में होटल ढाबे किराना मिठाई दुकानदारों के साथ-साथ दूध डेयरी दूध कलेक्शन सेंटर से फूड विभाग की वसूली से आम जनता परेशान हो गई है जांच के नाम पर केवल विभाग के लोग वसूली कर रहे हैं मिलावट रोकने के बजाय विभाग के अधिकारियों का वसूली पर ज्यादा दबाव होता है जिससे व्यापारी परेशान हो गए हैं और तमाम व्यापारी कानून के मुसीबत से बचने के लिए विभाग की वसूली को व्यापारी मजबूरन पूरा कर रहे हैं सूत्रों की माने तो करोड़ों रुपए की वसूली फूड विभाग द्वारा व्यापारियों से की जाती है गांव बाजार कस्बे से लेकर जिला मुख्यालय क्षेत्र में फूड विभाग की मनमानी पूर्ण कायर्शैली तथा जबरन रुपए की वसूली के कारण दुकानदारों का जीना दुश्वार हो गया है जहा ऐक तरफ फूड विभाग दुकानदारों मे जांच सैम्पल के नाम पर दुकानदार व्यापारियों मे कार्यवाही का डर दिखा मनमानी तरीके से रुपए की मोटी रकम की वसूली कर अपनी जेब भर रहा है खुले आम हो रही वसूली पर रोक लगाए जाने का प्रयास नहीं हो रहा है पूरा फूड विभाग भ्रष्टाचार में शामिल है जो बड़ी गंभीर जांच का विषय है जिस कारण महंगाई के इस दौर मे दुकानदारो को जीविकोत्पार्जन चलाना मुश्किल हो गया है सिराथू भरवारी करारी पश्चिम शरीरा मंझनपुर चरवा मूरतगंज के कई दुकानदारो ने बताया कि यह फूड विभाग के अधिकारी अपने साथ प्राइवेट ब्यक्ति को साथ लेकर चलते है इसके अलावा विभाग का चर्चित चपरासी भी व्यापारियों का शोषण कर विभाग के अफसर के नाम पर पूरे दिन वसूली में शामिल रहता है जिससे यह दोनों होटल ढाबा किराना मिठाई की दुकान दूध डेयरी दूध कलेक्शन सेंटर के व्यापारियों से हजारों रुपए की वसूली करते है कुछ दूध कलेक्शन सेंटर से 25000 महीने तक की वसूली की चर्चा हो रही है इतना ही नहीं राजस्थान के लोगों द्वारा मिलावटी मिठाई खुलेआम बनाई जा रही है और राजस्थान के लोगों से भी 25000 महीने की वसूली विभाग द्वारा खुलेआम हो रही है कभी वह खाद्य पदार्थो के जांच के नाम पर तो कभी लाइसेंस रेनुवल आदि के नाम पर मनमानी तरीके से वसूली कर रहे है कई दुकानदारों ने बताया कि दूध डेयरी दूध कलेक्शन सेंटर से प्रत्येक महीने की बड़ी वसूली फूड विभाग द्वारा की जाती है वहीं कई किराना के दुकान होटल ढाबा संचालकों द्वारा बताया गया कि साल में एक बार उनसे मोटी रकम की वसूली विभाग द्वारा की जाती है जिससे दुकानदार आर्थिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित हो रहे है जल्द ही बाजार के सैंकड़ों ब्यापारी फूड विभाग के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर जिलाधिकारी तथा उत्तर प्रदेश सरकार से शिकायत करेगे।अब देखना होगा कि जीरो टालरेंस नीति की योगी सरकार मे क्या फूड विभाग के कारनामो की जांच करा अधिकारी कार्यवाही करेगे या फिर दुकानदार व्यापारी ऐसे भ्रष्ट फूड विभाग के अधिकारियों द्वारा पैसे की वसूली के कारण प्रताड़ित होते रहेगें।

### मलाक पिंजरी क्षेत्र में काट दिए गए दजर्नों नीम के हरे पेड़

**कौशांबी।** वन विभाग के अधिकारियों की साठगांठ और पुलिस के रहमो करम पर पूरे जिले के थाना क्षेत्र में लकड़ी माफिया सुबह से पेट्रोलिंग आरा मशीन और दर्जनों मजदूरों के साथ गांव क्षेत्र में हरे पेड़ काटने निकल जाते हैं और पूरे दिन फलदार हरे पेड़ों को काटकर बेखौफ लकड़ी माफिया वाहनों से लकड़ी उठा ले जाते हैं लकड़ी माफिया के पेड़ काटने पर कहीं रोक लगती नहीं दिख रही है मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के मलाक पिंजरो गांव में बीते 15 दिनों के बीच अलग-अलग स्थान से 15 नीम के हरे-भरे पेड़ काट दिए हैं ग्रामीणों ने मामले की शिकायत वन विभाग के सिराथू रेंजर से की थी एक दिन तो पेड़ काटने से रोक दिया गया लेकिन दूसरे दिन नीम के हरे तीन पेड़ को काटकर लकड़ी माफिया उठा ले गए हैं यही स्थिति जिले के अन्य थाना क्षेत्र में है वन विभाग के रेंजर की भूमिका पर भी बड़े सवाल खड़े हैं वहीं थाना पुलिस की भूमिका भी सवालों के घेरे में है लकड़ी माफिया विभाग से पेड़ काटने का परमिट मांगते हैं और हरे फलदार पेड़ों का परमिट फजी तरीके से वन विभाग द्वारा खुलेआम जारी किया जा रहा है जिससे हरियाली सुरक्षित नहीं दिखाई पड़ रही है।

## मिशन शक्ति अभियान के तहत जनपद कौशाम्बी में व्यापक जनजागरूकता अभियान संचालित

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** जिले में दिनांक 28.05.2026 को मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के द्वितीय चरण के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी सत्यनारायण के कुशल निर्देशन में विभिन्न थानों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में महिला सशक्तिकरण, साइबर जागरूकता एवं सुरक्षा संबंधी कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं व बालिकाओं को जागरूक किया गया। इस दौरान बालिकाओं महिलाओं को गुड टच-बैड टच, आत्मरक्षा, महिला अधिकारों, साक्षरता, नए आपराधिक कानूनों एवं साइबर अपराध से बचाव के संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं निःशुल्क विधिक सहायता के बारे में भी अवगत कराया गया। अभियान के अंतर्गत निम्नलिखित हेल्पलाइन नंबरों 112 पुलिस आपातकालीन सेवा,1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1090 वूमेन पावर हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा,1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन एवं 181 महिला हेल्पलाइन साथ ही महिला हेल्पडेस्क, एंटीरोमियो टीम, मिशन शक्ति केंद्र एवं थाना सीयूजी नंबरों की जानकारी देकर आमजन को जागरूक किया गया। थाना मंझनपुर के मंझनपुर चौराहा, पीएचसी रोड व कोरी रोड क्षेत्र में महिलाओं एवं बालिकाओं को ईद त्यौहार के दृष्टिगत जागरूक करते हुए साइबर अपराध, महिला सुरक्षा एवं घर से चले जाने की घटनाओं के प्रति सतर्क रहने हेतु जानकारी दी गई। साथ ही हेल्पलाइन नंबरों व महिला हेल्पडेस्क के संबंध में जागरूक किया गया। थाना महेवाघाट के ग्राम शाहपुर में बाल विवाह रोकथाम,गुड टच-बैड टच, आत्मरक्षा, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं साइबर सुरक्षा के संबंध में महिलाओं, बालिकाओं एवं बच्चों को जागरूक किया गया।थाना सैनी के ग्राम सैनी चौराहे पर महिलाओं एवं बालिकाओं को साइबर अपराध,उत्तर प्रदेश पुलिस के नए कानूनों,महिला सुरक्षा एवं हेल्पलाइन सेवाओं के संबंध में जानकारी देकर जागरूक किया गया।थाना करारी के मिशन शक्ति केंद्र पर उपस्थित महिलाओं एवं बालिकाओं को महिला संबंधी अपराध,साइबर अपराध,नए कानूनों तथा महिला सुरक्षा संबंधी हेल्पलाइन नंबरों की विस्तृत जानकारी दी गई।थाना चरवा के बेरुआ,थाना परिसर एवं मिशन शक्ति केंद्र में महिलाओं एवं बालिकाओं को गुड टच-बैड टच, आत्मरक्षा,साक्षरता अभियान, महिला अधिकारों एवं सरकारी योजनाओं की जानकारी देकर जागरूक किया गया।थाना कोखराज के थाना परिसर में महिलाओं एवं बालिकाओं को नए कानूनों,साइबर अपराध,नशा मुक्ति अभियान तथा महिला हेल्पलाइन नंबरों के संबंध में जानकारी देकर जागरूक किया गया। थाना सराय अकिल के थाना परिसर में उपस्थित महिलाओं को नए कानूनों, साइबर अपराध, मिशन शक्ति अभियान एवं महिला सुरक्षा हेल्पलाइन नंबरों के संबंध में जागरूक किया गया।

## सम्पादकीय

# मुनाफे में सरकार, घाटे में जनता

**केंद्र** सरकार के नियंत्रण वाली तेल कंपनियों ने सोमवार, 25 मई को पेट्रोल और डीजल की कीमतों में एक बार फिर बढ़ोतरी कर दी। यह इस महीने की चौथी बढ़ोतरी है। पेट्रोल की कीमत औसतन 2.61 रुपये प्रति लीटर और डीजल की 2.71 रुपये प्रति लीटर बढ़ी है। ध्यान रहे कि यह बढ़ोतरी ऐसे वक्त हुई है, जब सोमवार को ही अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल का दाम 8 प्रतिशत गिरकर, 100 डॉलर प्रति बैरल से कम होकर 96.83 डॉलर प्रति बैरल पर आ गिरा है। सामान्य गणित तो यही है कि जिस चीज के दाम गिरें, वो आम जनता को भी उसी अनुपात में सस्ती होकर मिलनी चाहिए। लेकिन तेल का गणित बिल्कुल अलहदा है, या ऐसा भी कह सकते हैं कि मोदी सरकार का गणित यही है कि जनता से उगाही करके अपना घर भरें। यह भी नहीं है कि जनता से जो मुनाफा वसूली सरकार करती है, उसके बदले कहीं और जनता को राहत दी जा रही है। मोदी सरकार जितना भी मुनाफा कमा रही है, उससे उद्योगपतियों की जेबें भरी जा रही हैं। आम जनता के हिस्से केवल दर्द और तकलीफ ही दिख रही हैं। अब हाल ऐसा हो गया है कि पेट्रोल पंपों पर डीजल और पेट्रोल की किल्लत दिख रही है। अगर इनकी उपलब्धता है भी तो लोगों के पास उतने पैसे नहीं रह गए कि इत्मीनान से तेल भरवा सकें। लोग नाराजगी प्रकट भी करने लगे हैं, लेकिन अब शायद बहुत देर हो चुकी है।

# पेट काटकर जनता बचाए, मोदीशाही अमेरिका की भेंट चढ़ाए!

**राजेंद्र शर्मा**

**प्रौद्योगिकी** के नाम पर भारत पर, रणनीतिक सहयोग के नाम पर रक्षा प्रौद्योगिकी से लेकर, नागरिक विमानों तथा नाभिकीय उपकरणों की जो बढ़ती हुई खरीद थोपी जा रही थी, उसे अगर हम फिलहाल छोड़ भी दें तो, ऊर्जा और कृषि, ऐसे क्षेत्र हैं जिनमें अमेरिका से आयात न्यूनतम ही रहे हैं। वास्तव में कृषि के क्षेत्र में अमेरिका से आयातों से तो भारत बहुत ही सचेत रूप से अब तक बचता आ रहा था क्योंकि इसका सीधा असर करोड़ों किसानों पर पड़ेगा

नरेंद्र मोदी के राज ने जिस एक चीज में सबसे ज्यादा महारत हासिल की है, वह यह है कि वास्तव में यह सरकार जो करती है, उससे ठीक उल्टा करने का ढोल पीटती है। इसका ताजातरीन उदाहरण, अमेरिकी विदेश सचिव (मंत्री) मार्को रूबियो की हाल की भारत यात्रा के दौरान, बहुत ही गाढ़े रंग से रेखांकित होकर सामने आया है। बेशक, अमेरिकी विदेश मंत्री का जिस तरह लाल कालीन बिछाकर स्वागत किया गया, उसमें भी बहुत कुछ ऐसा था, जिसकी अस्वाभाविकता विदेश संबंधों के अनेक जानकारों की आंखों में खटकी है। सामान्य प्रोटोकॉल यह है कि बाहर से आने वाले किसी भी मेहमान मंत्री की, पहले मेजबान देश के अपने समकक्ष या समकक्षों से विस्तृत वार्ताएं होती हैं और इन वार्ताओं में ही वास्तविक निर्णयों पर पहुंचा जाता है। बाद में मेहमान मंत्री की मुलाकात, जो रस्मी और संक्षिप्त होती है, कार्यपालिका के मुखिया से होती है, जिसमें मेहमान अगर मेजबान देश के शीर्ष नेता के लिए अपने देश के शासन प्रमुख का कोई संदेश लाया हो तो वह संदेश देता है और अगर कोई समझौते हो रहे हों, तो उन पर औपचारिक रूप से मोहर लगायी जाती है।



लेकिन, अमेरिकी विदेश सचिव के लिए इस सामान्य प्रोटोकॉल को परे खिसकाना जरूरी समझा गया। कोलकाता में उतरने के बाद, दिल्ली पहुंचने पर रूबियो की मुलाकात सीधे प्रधानमंत्री मोदी से हुई। इस मुलाकात के समय भारत के विदेश मंत्री तथा वाणिज्य मंत्री भी मौजूद थे और यह मुलाकात एक घंटे से लंबी चली बताते हैं। जाहिर है कि अभिवादन, अभिनंदन, संदेशों के आदान-प्रदान का सिलसिला तो इतनी देर तक नहीं चल सकता था। ऐसा लगता है कि वार्ताओं के मुख्य सूत्र, सीधे प्रधानमंत्री के साथ इस बातचीत में ही तय किए गए होंगे। बेशक, यह मोदी सरकार में प्रधानमंत्री और प्रधानमंत्री कार्यालय में लगभग सारे निर्णय केंद्रित कर दिए जाने की सच्चाई को भी दिखाता है। लेकिन, यह वर्तमान भारत-अमेरिका रिश्ते की नाबराबरी को भी दिखाता है, जहां सरकार खुद ही यह मानकर चलती नजर आती है कि प्रधानमंत्री को लाख प्रिय होने के बावजूद, भारतीय विदेश मंत्री को, अमेरिकी विदेश मंत्री की बराबर में नहीं बैठाया जा सकता। उससे तो खुद प्रधानमंत्री की वार्ताएं होना जरूरी है। संभवतः सत्तर के दशक की एक बंबईया फिल्म का गीत इस भावना का पूरी तरह से बयान कर सके–बंबई से आया मेरा दोस्त, दोस्त को सलाम करो! वाशिंगटन से आया दोस्त, उसका खास स्वागत तो होना ही था! लेकिन, रिश्ते की नाबराबरी सिर्फ प्रोटोकॉल के उलटफेर पर तो रुकने वाली थी नहीं। अमेरिकी विदेश सचिव की नजरों में उनकी यात्रा का जो हासिल रहा, उसमें यह नाबराबरी भारत के लिए अपने और घातक रूप में सामने आ जाती है। अपने एक ट्विटर संदेश में रूबियो ने भारत में अमेरिका के राजदूत तथा अमेरिकी कूटनीतिज्ञों के प्रयासों की सराहना करने के बहाने से, सार्वजनिक रूप से इसकी याद दिलायी कि, 'भारत ने अगले पांच वर्ष में 500 अरब डालर के अमेरिकी माल खरीदने का वचन दिया है, जिसके केंद्र में ऊर्जा, प्रौद्योगिकी और कृषि (उत्पाद) होंगे।' जाहिर है कि अमेरिकी विदेश सचिव की नजरों में भारत को इसके लिए वचनबद्ध करना, 'राष्ट्रपति ट्रम्प और अमेरिकी जनता के हित में जबर्दस्त काम है' जिसके लिए वह अपने देश के प्रतिनिधियों की पीठ ठोक रहे थे। जैसा कि जाने-माने अर्थशास्त्री, प्रोफेसर प्रभात पटनायक ने बलपूर्वक रेखांकित किया है, किसी आर्थिक समझौते के नाम पर अमेरिका द्वारा अपने मालों की खरीद की ऐसी शर्त थोपा जाना, भारत-अमेरिका रिश्तों में साधारण नाबराबरी का ही नहीं, वास्तव में ऐसी नाबराबरी का भी द्योतक है, जो औपनिवेशिक दौर की याद दिलाती है। औपनिवेशिक दौर में ही उपनिवेशकर्ता देश, अपने उपनिवेशों पर अपने मालों की खपत थोपने के जरिए।

# तपती धरती, झुलसता जीवनः हीटवेव की चुनौती

**-: ललित गर्ग:-**

**वर्ष** 2026 की गर्मी केवल एक मौसमीय घटना नहीं, बल्कि मानव सभ्यता के सामने खड़ी एक गंभीर चेतावनी बनकर सामने आई है। अप्रैल-मई के दौरान भारत सहित दक्षिण एशिया के अनेक हिस्सों में पड़ी रिकॉर्ड हीटवेव ने यह स्पष्ट कर दिया है कि जलवायु परिवर्तन अब भविष्य का संकट नहीं, वर्तमान की भयावह वास्तविकता है। दिल्ली, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और मध्य भारत के अनेक क्षेत्रों में तापमान 46 से 48 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। कई शहरों में बिजली की मांग ने रिकॉर्ड तोड़ दिए। सड़कें सूनी दिखने लगीं, श्रमिकों का श्रम ठहरने लगा और बच्चों, बुजुर्गों तथा गरीब तबकों के सामने जीवन बचाने की चुनौती खड़ी हो गई। यह संकट अचानक नहीं आया। यह दशकों से प्रकृति के साथ किए गए असंतुलित व्यवहार, अंधाधुंध शहरीकरण, जंगलों की कटाई, संसाधनों के दोहन और सुविधावादी जीवनशैली का परिणाम है। प्रकृति ने बार-बार संकेत दिए, लेकिन विकास की अंधी दौड़ में हमने उन संकेतों को अनसुना किया। आज वही उपेक्षित चेतावनियां लू बनकर हमारे सामने खड़ी हैं।



हीटवेव का सबसे बड़ा कारण केवल बढ़ता तापमान नहीं, बल्कि वह विकास मॉडल है जिसने धरती की प्राकृतिक ढाल को कमजोर कर दिया। जंगल सदियों से पृथ्वी के प्राकृतिक एयर कंडीशनर रहे हैं। वे कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित करते हैं, वाष्पोत्सर्जन द्वारा वातावरण को शीतल रखते हैं और वर्षा चक्र को संतुलित बनाए रखते हैं। लेकिन विडंबना है कि विकास के नाम पर जंगलों का तेजी से विनाश हुआ। हर वर्ष लाखों हेक्टेयर वन क्षेत्र समाप्त हो रहे हैं। इसका परिणाम यह हुआ कि स्थानीय स्तर पर तापमान बढ़ा, नमी कम हुई, वर्षा चक्र प्रभावित हुआ और गर्म हवाओं की अवधि लंबी होती गई। आज शहर ॖकंक्रीट के जंगलॗ बन चुके हैं। महानगरों में हरित क्षेत्र सिकुड़ते जा रहे हैं और उनकी जगह सीमेंट, डामर और शीशे की ऊंची इमारतें ले रही हैं। इससे ॖअर्बन हीट आइलैंडॗ प्रभाव तेजी से बढ़ा है। शहर अब आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में कई डिग्री अधिक गर्म हो चुके हैं। कंक्रीट दिनभर सूर्य की ऊष्मा को सोखता है और रात में धीरे-धीरे छोड़ता है। परिणामस्वरूप रातें भी गर्म होती जा रही हैं और शरीर को राहत नहीं मिल पाती।

दिल्ली, मुंबई, जयपुर और लखनऊ जैसे शहरों में रात का तापमान पहले की तुलना में लगातार बढ़ रहा है। गरीब बस्तियों में स्थिति और भी गंभीर है। वहां न हरित क्षेत्र हैं, न पर्याप्त जल आपूर्ति, न शीतलन के साधन। टीन की छतों वाले घर दिन में भट्ठी बन जाते हैं। गर्मी की मार सामाजिक असमानता को और गहरा करती है। अमीर वर्ग एयर कंडीशनर और बंद कमरों में राहत खोज लेता है, लेकिन मजदूर, रिक्शाचालक, रेहड़ी वाले और निर्माण कार्य में लगे श्रमिक खुले आसमान के नीचे झुलसते रहते हैं। विडंबना यह भी है कि गर्मी से राहत का सबसे लोकप्रिय साधन एयर कंडीशनर स्वयं संकट को बढ़ाने वाला कारक बनता जा रहा है। एक एयर कंडीशनर कमरे को ठंडा करता है, लेकिन बाहर उतनी ही गर्म हवा छोड़ता है। इसके साथ ही बिजली की खपत बढ़ती है, जिसका बड़ा हिस्सा अभी भी कोयला आधारित ऊर्जा से आता है। रेफ्रिजरेंट गैसें अतिरिक्त ग्रीनहाउस प्रभाव पैदा करती हैं। इस प्रकार एक दुष्चक्र निर्मित हो गया है- गर्मी बढ़ती है, एसी बढ़ते हैं, उत्सर्जन बढ़ता है और फिर गर्मी और बढ़ जाती है। जलवायु परिवर्तन का प्रभाव केवल तापमान तक सीमित नहीं है। यह कृषि, खाद्य सुरक्षा, स्वास्थ्य और अर्थव्यवस्था पर भी व्यापक असर डाल रहा है। वैज्ञानिक अध्ययनों से संकेत मिले हैं कि बढ़ती गर्मी और अनिश्चित मौसम के कारण गेहूं, धान और अन्य फसलों की उत्पादकता प्रभावित हो

# नए भारत के जन्म पर सोहर गायन



**मनीष मिश्रा**

**भारत** की सनातन परम्परा में, किसी भी आँगन में जब कोई मांगलिक बयार बहती है, तो वह किसी न किसी सुर, ताल और गीत का आँचल पकड़कर ही आती है। ऐसा ही एक अमर उदाहरण सोहर का है। सोहर एक प्रकार का लोकगीत है, जिसे आमतौर पर संतान के जन्म के समय गाया जाता है। भारत में सोहर गाने की परम्परा कब से शुरू हुई, इसका कोई तथ्यात्मक इतिहास नहीं है, क्योंकि सोहर भारत की मिट्टी की देहरी पर उतरता हुआ सुरों का वह सुहाग है, जो एक नवजात शिशु की पहली अठखेलियों के स्वागत में नारियों के कंठ से स्वतः ही फूट पड़ता है। सोहर के बोलों में माँ की ममता की गंध है, बुजुर्गों के आशीष का स्पर्श है, और सदियों के संस्कारों की गूँज है।

सोहर केवल एक लोकगीत नहीं, बल्कि घर-घर में पनपने वाली सुखद अनुभूति का ऐसा सामूहिक उच्चार है, जो नये जीवन के आगमन पर पूरे कुल और समाज को एक लय में पिरो देता है।

सोहर शब्द की तह में जाएँ तो पता चलता है कि यह नाम भी इसके गीतों की तरह ही मीठा और सुहावना है। बड़े-बुजुर्ग और विद्वान बताते हैं कि सोहर शब्द संस्कृत के ॖशोभनॗ धातु से निकला है, जिसका अर्थ होता है, मन को भाने वाला। लोक-बोली की नदियों में बहते-बहते यही शोभन कालांतर में ॖसोहरॗ बन गया। भोजपुरी अंचल में आज भी कोई चीज अगर पसंद आ जाए, तो लोग कहते हैं, ॖबड़ा सोहल लागताॗ। कुछ लोग इसकी उत्पत्ति ॖशोकहरॗ से भी मानते हैं, क्योंकि बच्चे का जन्म हर घर से शोक को हर लेता है। मातृत्व तक पहुंचने की जो पीड़ा है वह स्वयं में ही कई प्रकार की पीड़ाओं से भरी होती है, ऐसे में जब संतान का जन्म होता है, तो वह संतान अपनी माता के तमाम शोक को हर लेती है। शोकहर के रूप में आए उस संतान के आगमन का उल्लास मनाते हुए सोहर फूट पड़ता है।

वैसे तो यह परम्परा भारत के ग्रामीण परिवेश में आज भी जीवित है, किंतु बदलते वैश्विक वातावरण में कहीं न कहीं हम इस ऐतिहासिक परंपरा को भूलते चले जा रहे हैं। हमारी संस्था पहल ने भारतीय संस्कृति के इस जीवित स्पंदन को वैश्विक पहचान दिलाने का प्रण लिया है। पहल संस्था ने उत्तर प्रदेश के बस्ती जिले में 100 स्वयं सहायता समूहों को ॖराम जी का पेड़ाॗ बनाने के लिए एक लाख रुपए की आर्थिक सहायता दी है।

## 500 ग्राम गांजा के साथ युवक गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**सुलतानपुर।अपराध** और अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बंधुआकला पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस टीम ने सहाबागंज अंडरपास सर्विस लेन के पास से एक युवक को 500 ग्राम अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार किया है।गिरफ्तार आरोपी की पहचान मंजीत चौहान पुत्र हजारीलाल निवासी गढ़उपुर थाना बंधुआकला के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से अवैध गांजा बरामद कर उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने बताया कि आरोपी



पर पहले से भी गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। आरोपी के खिलाफ कोतवाली नगर थाना में धारा 304(2), 317(2) बीएनएस के तहत भी मुकदमा पंजीकृत है।गिरफ्तारी की कार्रवाई उपनिरीक्षक संजय कुमार पाठक,कांस्टेबल ईशु यादव और कांस्टेबल अमरेश यादव की टीम ने की।

## जमीनी विवाद में मारपीट, तीन लोग घायल; पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**अखंड भारत संदेश गोपीगंज भदोही**

**गोपीगंज। क्षेत्र** के ग्राम कसिदहा में जमीनी विवाद को लेकर हुई मारपीट में एक ही परिवार के तीन लोग घायल हो गए। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित राजपति बिन्द पुत्र स्व० फुन्ती बिन्द ने आरोप लगाया है कि गांव के ही छोटे लाल बिन्द पुत्र स्व० फुन्ती बिन्द, चन्द्रशेखर पुत्र छोटे लाल, अनारा देवी पत्नी छोटे लाल तथा संगीता देवी पत्नी अजीत बिन्द ने मंगलवार 26 मई 2026 की शाम करीब 5:30 बजे गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडे से हमला कर दिया।

## बल्दीराय मे विवाहिता की संदिग्ध मौत

**अखंड भारत संदेश /सुल्तानपुर-बल्दीराय** थाना क्षेत्र के संझौवा मजरे बहुरावां गांव में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से इलाके में सनसनी फैल गई।मृतका की पहचान लक्ष्मी (28) पत्नी रवि कुमार के रूप में हुई है। मृतका के मायके पक्ष ने ससुराल वालों पर गंभीर आरोप लगाए हैं।परिजनों का कहना है कि विवाह के बाद से ही लक्ष्मी को प्रताड़ित किया जाता था।आरोप है कि गुरुवार को भी उसके साथ मारपीट की गई,जिसके बाद उसकी मौत हो गई।बताया जा रहा है कि मृतका के गले पर चोट के निशान भी पाए गए हैं।सूचना मिलते ही बल्दीराय पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।घटना के बाद ससुराल पक्ष के लोग घर छोड़कर फरार बताए जा रहे हैं।मृतका अपने पीछे 9 वर्षीय बेटा श्लोक कुमार और 4 वर्षीय बेटी श्रेष्ठी को छोड़ गई है। मां की मौत से दोनों मासूमों का रो-रोकर बुरा हाल है।थानाध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की



फ़ाइल फोटो-लक्ष्मी

विधिक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की गहन जांच में जुटी हुई है।

## गोपीगंज के युवक की हादसे मे नागपुर हुई मौत

**अखंड भारत संदेश गोपीगंज भदोही**

**गोपीगंज। नगर** के जामा मस्जिद गली निवासी सरफराज 25 वर्ष की नागपुर मे हुई एक हादसे मे मौत हो गई, घटना की जानकारी पर परिवार के लोग नागपुर रवाना हो गए है।मृतक एक बिल्डिंग के तीसरे मंजिल पर एसी का स्टैंड लगा रहा था।

नगर के जामा मस्जिद गली निवासी मरहूम नशीर राइन का सबसे छोटा पुत्र सरफराज दो माह पूर्व कुछ लोगों के साथ नागपुर गया था, वह वेल्डिंग का अच्छा कारीगर था। नागपुर मे बहुमंजिला बिल्डिग के तीसरे मंजिल पर स्टैंड लगाने का काम कर रहा था इस दौरान अचानक नीचे गिर जाने गंभीर रूप से घायल हो गया।

## आमने-सामने की टक्कर में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल

### नाले में गिरने से हालत बिगड़ी, वाराणसी ट्रॉमा सेंटर रेफर

**अखंड भारत संदेश**

**गोपीगंज। थाना** क्षेत्र में बुधवार शाम को एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार जितेंद्र कुमार सिंह पुत्र श्री अवध नारायण सिंह निवासी ग्राम सभा सारीपुर लोहरा खास, गोपीगंज, जनपद भदोही टोल प्लाजा लालानगर की ओर से वापस अपने घर आ रहे थे। इसी दौरान माधोपुर ग्राम सभा के पास सामने से आ रही एक अज्ञात मोटरसाइकिल से उनकी सीधी भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी



तेज थी कि जितेंद्र कुमार सिंह अनियंत्रित होकर सड़क किनारे नाले में जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में उनकी दाहिनी कलाई टूट गई तथा सिर में गंभीर चोट लगने से करीब 15 टांके लगाने पड़े। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तत्काल गोपीगंज सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत गंभीर देखते हुए वाराणसी ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया।

## PWD की लापरवाही बनी चर्चा का विषय, सड़क किनारे कब्राकार आकृति ने खोली निर्माण व्यवस्था की पोल

**अखंड भारत संदेश**

**सुल्तानपुर। जनपद** में लोक निर्माण विभाग की कार्यशैली एक बार फिर सवालों के घेरे में है। शहर के प्रमुख मार्ग पर स्थित केश कुमारी राजकीय इंटर कॉलेज के मुख्य गेट के ठीक सामने सड़क किनारे बनी एक कब्रनुमा आकृति ने विभागीय कार्यप्रणाली की पोल खोलकर रख दी है। लगभग डेढ़ फीट चौड़ी और साढ़े चार फीट लंबी इस आकृति को देखकर राहगीरों और स्थानीय लोगों में भारी नाराजगी देखी जा रही है।

स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि सड़क निर्माण और मरम्मत कार्य में





भारी लापरवाही बरती जा रही है। सड़क किनारे डाली गई गिट्टी और निर्माण सामग्री को व्यवस्थित करने के बजाय उसे ऐसे ही छोड़ दिया गया, जिससे यह अजीबोगरीब संरचना बन गई। लोगों का कहना है कि यह केवल एक आकृति नहीं, बल्कि लोक निर्माण विभाग की उदासीनता और अव्यवस्था का प्रतीक बन चुकी है।क्षेत्रीय लोगों ने बताया कि कॉलेज आने-जाने वाले छात्र-छात्राएं और अभिभावक प्रतिदिन इस मार्ग से गुजरते हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों की नजर अब तक इस ओर नहीं गई। लोगों का कहना है कि यदि सड़क निर्माण कार्य इसी प्रकार चलता रहा, तो आने वाले समय में आम जनता को और भी गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।स्थानीय नागरिकों ने व्यंग्यात्मक लहजे में कहा कि जिस प्रकार यह आकृति तैयार हुई है, उससे लगता है।

## तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से युवक गंभीर घायल, हाथ-पैर फ्रैक्चर

**अखंड भारत संदेश गोपीगंज भदोही**

**गोपीगंज।** थाना क्षेत्र के किसुनदेवपुर में तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक का इलाज गोपीगंज स्थित निजी अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर बाइक को कब्जे में ले लिया है। जानकारी के अनुसार शिवदास विन्द पुत्र स्व० बंगाली निवासी ग्राम किसुनदेवपुर, पोस्ट राधास्वामीधाम थाना गोपीगंज जनपद भदोही ने बताया कि दिनांक 27 अप्रैल 2026 को सायंकाल लगभग 7 बजे उनके भाई शम्भुनाथ पुत्र स्व० बंगाली जीटी रोड की उत्तरी सर्विस लेन से पैदल पूर्व दिशा की ओर जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से तेज गति से आ रही बाइक संख्या वढ 66 अल 9599 के चालक ने जोरदार टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी तेज थी कि शम्भुनाथ सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गये। हादसे में उनके बांये हाथ एवं बांये पैर में फ्रैक्चर हो गया तथा शरीर पर कई गंभीर चोटें आईं। घटना किसुनदेवपुर स्थित त्रिवेणी पेट्रोल पंप के सामने की बताई जा रही है।सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने बाइक को हिरासत में ले लिया।

# मौत बनकर दौड़ा मोरंग लदा ओवरलोड ट्रक

# मौके पर ही 4 और लोगों ने तोड़ा दम, 5 गंभीर

**अखंड भारत संदेश**

**बांदा।** उत्तर प्रदेश के बांदा जिले से एक बेहद दर्दनाक और रोंगटे खड़े कर देने वाला सड़क हादसा सामने आया है। यहाँ बिसंडा थाना क्षेत्र में एक तेज रफ्तार और ओवरलोड ट्रक ने कहर बरपाते हुए 6 लोगों की जान ले ली। इस भीषण हादसे के बाद पूरे कस्बे में हड़कंप मच गया है और मृतकों के परिजनों में कोहराम पसरा हुआ है। ट्रक ड्राइवर मौके से फरार होने में कामयाब रहा।

मिली जानकारी के अनुसार, एक ट्रक बांदा से प्रतिबंधित लाल मोरंग (बालू) ओवरलोड करके जौनपुर की ओर जा रहा था। बिसंडा कस्बे के पास ट्रक ने सबसे पहले एक साइकिल सवार रिटायर्ड शिक्षक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। शिक्षक की मौत से गुस्साए ग्रामीणों ने जब ट्रक का पीछा किया, तो पकड़े जाने के डर से ड्राइवर ने ट्रक की रफ्तार और बढ़ा दी। भागने के चक्कर में ट्रक ने सामने से आ रही एक सवारियों से भरी ई-रिक्शा को सीधी और जबरदस्त टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। ई-रिक्शा को रौंदते हुए ट्रक पलटने के कारण चीख-पुकार मच गई। इस



दूसरे हादसे में ई-रिक्शा सवार 4 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कुल मिलाकर इस पूरे घटनाक्रम में 6 लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। वहीं 5 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, जिन्हें आनन-फानन में पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया, जहाँ से उनकी गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

घटना की सूचना मिलते ही बांदा के जिलाधिकारी अमित आसेरी और अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज भारी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। अधिकारियों ने स्थिति का जायजा लिया और राहत कार्य तेज करवाए। जिलाधिकारी ने सभी 6 शवों का पंचनामा भरकर उन्हें पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है और पीड़ित परिवारों को उचित विधिक कार्रवाई का भरोसा दिया है। बांदा पुलिस का दावा है कि फरार ट्रक ड्राइवर की तलाश में टीमें लगा दी गई हैं और उसे जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

आए दिन तेज रफ्तार और ओवरलोड ट्रक मासूमों की जिंदगी निगल रहे हैं, लेकिन परिवहन विभाग और जिम्मेदार अधिकारी गहरी नींद में सोए हैं। जिन परिवारों ने अपने घर के मुखिया या अपनों को खोया है, वहाँ मातम पसरा है। अब देखना यह होगा कि जिला प्रशासन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इन पीड़ित परिवारों को क्या और कितना मुआवजा देकर उनके आंसू पोंछते हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि अगर ड्राइवर पहले हादसे के बाद रुक जाता या पुलिस की चेकिंग सख्त होती, तो वो भागने के चक्कर में ई-रिक्शा को न रौंदता और इतनी बड़ी संख्या में मासूमों की जान न जाती। यह सीधे तौर पर प्रशासनिक लापरवाही का नतीजा है।

## न्यूज झरोखा

### विद्यार्थी परिषद ने श्रद्धालुओं को पिलाया शरबत



**चित्रकूट।** गर्मी को देखते हुए गुरुवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा बस स्टैंड पर शरबत वितरण एवं जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम के माध्यम से कार्यकताओं ने लोगों को गर्मी से बचाव, अधिक पानी पीने एवं धूप से बचने के लिए जागरूक किया। कार्यक्रम संयोजक रवि तोमर नगर सहमंत्री एवं नगर सहमंत्री अंशु सिंह यादव ने बताया कि भीषण गर्मी में सभी लोगों को स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में इलाहाबाद यूनिवर्सिटी के उपाध्यक्ष दुर्गेश द्विवेदी मौजूद रहे। इस अवसर पर सतीश सोनी, आदित्य, साहिल गुप्ता, कल्लू चैरसिया, प्रदीप कुमार, गजानन मिश्र, भानु प्रताप, राम सहित अन्य विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### बालश्रम उन्मूलन के लिए जिलाधिकारी ने किया अपील

**चित्रकूट।** मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश को दिसम्बर 2026 तक बालश्रम मुक्त प्रदेश बनाने का संकल्प लिया गया है। जिसमें जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने बताया कि समाज और देश की प्रगति तभी संभव है जब बच्चों का बचपन सुरक्षित व खुशहाल हो तथा बच्चे विद्यालयों में अध्ययनरत हो। बच्चों का बचपन स्कूल में, खेल मैदान में व पारिवारिक स्नेह की छाँव में व्यतीत होना चाहिए न कि दुकानों, कारखानों या बालश्रम में। उन्होंने कहा समाज को बालश्रम से मुक्त समाज बनाने के लिए सभी दुकानदारों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों, फैक्ट्री मालिको एवं अभिभावकों से अपील है कि 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों से किसी भी प्रकार का श्रम न कराया जाए। व्यापारिक प्रतिष्ठानों को बालश्रम मुक्त परिसर बनाने का संकल्प लेकर बच्चों की शिक्षा में सहयोग करके उन्हे जिम्मेदार नागरिक बनाने में समाज के प्रत्येक व्यक्ति को सहयोग करना होगा, तभी इस सामाजिक बुराई का समापन होगा। एक शिक्षित बच्चा ही खुशहाल परिवार, समाज व राष्ट्र के विकास में सक्रिय भूमिका निभा सकता है। साथ ही बताया कि बालश्रम कानूनन अपराध है इसके उल्लंघन में न्यूनतम 6 माह से लेकर 2 वर्ष तक की सजा सहित 20000 रु. से लेकर 50000 रु. तक अर्थदंड का प्राविधान भी है। समस्त जनपद वासियों से अपील किया गया कि, यदि कहीं बालश्रम होता संज्ञान में आए तो तुरंत इसकी सूचना जनपद प्रशासन, श्रम विभाग, टोल फ्री नम्बर में देकर जनपद को बालश्रम मुक्त जनपद बनाने में सक्रिय सहयोग करें।

### दिव्यांग पेंशन के 200 नवीन आवेदन पत्रों को स्वीकृति

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी पुलकित गर्ग द्वारा अवगत कराया गया, कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में कुल 200 दिव्यांगजनों के दिव्यांग पेंशन के नवीन आवेदन पत्रों को स्वीकृति लेने के बाद जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी प्रियंका यादव के द्वारा डिजिटल सिगनेचर से फाइनल फीज कर दिव्यांग पेंशन के भुगतान के लिए पी.एफ.एम.एस. पोर्टल पर अग्रेसारित किया गया है। साथ ही यह भी अवगत कराया गया है कि जनपद में कुल 8077 दिव्यांगजन पूर्व से दिव्यांग पेंशन प्राप्त कर रहे हैं। जिसके द्वारा दिव्यांगजनों को आर्थिक रूप से 1000 रु. प्रतिमाह एवं 12000 रु. वार्षिक की दर से मदद प्रदान की जा रही है। दिव्यांग भरण-पोषण अनुदान (दिव्यांग पेंशन) योजनान्तर्गत दिव्यांगजनों को अपने आधार कार्ड को बैंक खाते से एन.पी.सी.आई. कराने के बाद पी.एफ.एम.एस. प्रणाली के द्वारा दिव्यांग पेंशन की धनराशि उनके बैंक खाते में प्राप्त होती है। इस प्रकार जनपद में दिव्यांग भरण-पोषण अनुदान योजना अन्तर्गत कुल 8277 लाभार्थी दिव्यांग पेंशन प्राप्त करेंगें।

### राजापुर एसडीएम के खिलाफ भीम आर्मी ने खोला मोर्चा

**राजापुर/चित्रकूट।** भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष संजय कुमार गौतम ने उप जिलाधिकारी राजापुर फूलचंद यादव पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि उपजिलाधिकारी द्वारा गरीब व्यापारियों व आम जनता के साथ शोषण किया जा रहा। जिलाध्यक्ष का आरोप है, कि राजापुर क्षेत्र में गरीब जनता न्याय की उम्मीद लेकर एसडीएम कार्यालय के चक्कर काट रही है। लेकिन सुनवाई नहीं हो रही। उन्होंने आरोप लगाया कि उपजिलाधिकारी फूलचन्द्र यादव राजनीतिक दबाव में काम कर रहे हैं और गरीबों का शोषण हो रहा है, जिससे जनता का जीना मुश्किल हो गया है। भीम आर्मी जिलाध्यक्ष ने कहा कि राजापुर की गरीब जनता और व्यापारी अब भीम आर्मी के साथ मिलकर जल्द ही जिलाधिकारी कार्यालय, चित्रकूट में बड़ा आंदोलन करेंगे। संगठन एसडीएम और नगर पंचायत अध्यक्ष के खिलाफ निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग करेगा।

### यातायात पुलिस द्वारा घायलों को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में प्रभारी यातायात निरीक्षक हरीराम यादव, आरक्षी रामकिशन एवं आरक्षी चन्द्रवीर ड्यूटी पर उपस्थित थे। रामकुमार निवासी भौंरी अपने रिस्तेदार राधेश्याम निवासी पश्चिम शरीरा जिला कौशाम्बी दो पहिया वाहन से कर्वी की ओर जा रहे थे कि कार से एक्सीडेन्ट होने की सूचना प्राप्त होने पर तत्काल घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया।

### चित्रकूट में गहराया पेयजल संकट, आठ वार्डों में सप्लाई ठप

**चित्रकूट।** भीषण गर्मी के बीच शहर में पेयजल संकट विकराल हो गया है। 25 में से आठ वार्डों में जलापूर्ति पटरी से उतर गई है। ऊंचाई वाले तरौंहा, जगदीशगंज, पांडेय कॉलोनी, कजियाना व कलेक्ट्रेट मार्ग के लोग पानी को तरस रहे हैं। कलेक्ट्रेट रोड निवासी संगम सिंह ने बताया कि 15 दिन से बस्ती में पानी नहीं आया। टूटी पाइप लाइन के कारण घरों तक पानी नहीं पहुंच रहा। हैंडपंप ही सहारा हैं। गोला बाजार में एक सप्ताह से पाइप लाइन टूटी है। रोज हजारों लीटर पानी सड़क पर बह रहा है। शिकायत के बाद भी मरम्मत नहीं हुई। कुबेरगंज में दो दिन से सप्लाई बंद है। पानी की किल्लत से दुकानदार भी परेशान हैं। नाश्ता की दुकान संचालक संतोष ने बताया कि रोज जिला अस्पताल के पास से हाथ व ठेले पर डिब्बों में पानी लाने को मजबूर हैं। कई मोहल्लों में महिलाएं-बच्चे दूर से पानी ढो रहे हैं। जल संस्थान के ईई फरहत हुसैन ने बताया कि गर्मी में खपत बढ़ने और नलकूपों की मरम्मत से ऊंचाई वाले इलाकों में दिक्कत आ रही है।

# ईद-उल-अजहा का पर्व श्रद्धा और सौहार्द के साथ मनाया गया

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** ईद-उल-अजहा (बकरीद) का पर्व गुरुवार को जिले भर में श्रद्धा, उत्साह और भाईचारे के साथ मनाया गया। सुबह से ही मस्जिदों और ईदगाहों में नमाज अदा करने के लिए मुस्लिम समुदाय के लोगों की भीड उमड़ी लोगों ने नमाज अदा कर देश और समाज में अमन-चैन की दुआ मांगी।

नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। पर्व को लेकर बच्चों और युवाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। घरों में विभिन्न प्रकार के पकवान बनाए गए तथा लोगों ने रिश्तेदारों और परिचितों के यहां पहुंचकर शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर कुबार्नी की रस्म भी अदा की गई। मुस्लिम धर्मगुरुओं ने बताया कि ईद-उल-अजहा त्याग, समर्पण



और मानवता का संदेश देने वाला पर्व है। इस दिन जरूरतमंदों और गरीबों की मदद करने का विशेष महत्व होता है।

त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। जिलाधिकारी पुलकित गर्ग और पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने संवेदनशील क्षेत्रों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। प्रमुख मस्जिदों और सार्वजनिक स्थलों पर सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए थे।

जनप्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों के लोगों ने भी मुस्लिम समुदाय को ईद की शुभकामनाएं देते हुए आपसी भाईचारा बनाए रखने की अपील की। जिले भर में पर्व शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

# व्यक्तित्व निर्माण के मासिक प्रशिक्षण में दक्ष हो रही आदिवासी बालिकाएं

रानीपुर भट्ट में चल रहे मासिक व्यक्तित्व निर्माण प्रशिक्षण में आदिवासी बालिकाएं हो रही हैं दक्ष

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** अखिल भारतीय समाज सेवा संस्थान द्वारा आयोजित ग्रीष्मकालीन मासिक प्रशिक्षण में पाठा की 30 ग्राम पंचायतों से आईं 4 दर्जन से अधिक आदिवासी बालिकाएं व्यक्तित्व निर्माण से जुड़े विषयों को बखूबी सीखकर स्वयं प्रदर्शित कर सीखे गए विषयों को सभी के समक्ष बिना किसी भय संकोच के रखने लगी हैं।

वनवासी बालिकाओं को यहां पर हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत की व्याकरण की अच्छी जानकारी देकर उन्हें जहां मजबूत किया जा रहा है, वहीं श्रुतलेख, सुलेख बोलकर एवं लिखवाकर उनकी भाषा लेखन, वाचन का नियमित अभ्यास करवाकर लगातार अभिव्यक्ति की क्षमता विकसित की जा रही है। भाषागत जानकारी के साथ-साथ उन्हें चित्रकला में कार्टून बनाकर उनके माध्यम से अपनी बात कैसे रखें वाली आर्ट को कैसे बनाएं और उसमें हिंदी भाषा को कैसे पढ़े। इसकी विधिवत जानकारी देकर



उनका अभ्यास करवाना प्रशिक्षण का हिस्सा है।

प्रशिक्षण में लोक संगीत, शास्त्रीय संगीत, पाठा के परंपरागत गीत, लोकनृत्य, कथक नृत्य का नियमित अभ्यास करवाकर उन्हें संपूर्ण लोकसंस्कृति का ज्ञान करवाया जा रहा है। जिसका प्रदर्शन आगामी 12 जून को होना संभावित है। 12 जून को ही मंदाकिनी की करुण पुकार नामक नाटक का मंचन भी इन आदिवासी बालिकाओं द्वारा करके एक माह में सीखी गई शिक्षा का मूल्यांकन चित्रकूट के सभी गणमान्य व्यक्तियों के सामने रखा जाएगा। जिससे सिखाने वाले एवं सीखाने वाले दोनों के आत्मबल में वृद्धि होगी। गीत, संगीत एवं शास्त्रीय संगीत को लल्लूराम शुक्ला सरगम का विधिवत प्रशिक्षण देकर पद जैसी गायकी को सभी बालिकाओं को सिखाकर उन्हें पूर्ण दक्ष करने में लगे हुए हैं। इसी तरह लोक नृत्य को बूटी एवं कथक नृत्य को लखनऊ संस्कृत विभाग उत्तर प्रदेश के माध्यम से आई प्रशिक्षक आकांक्षा बीबी का 14 दिनों से सीखा रही हैं।

यह प्रशिक्षण गतवर्ष की भांति इस वर्ष भी संस्थान के संस्थापक गोपाल भाई के देखरेख में आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण को संचालित करने में भारती, संध्या, बूटी एवं गजेंद्र अपना निरंतर सहयोग प्रदान कर रहे हैं।

# बालिकाओं को स्वच्छता के प्रति किया गया जागरुक




**चित्रकूट।** मासिक धर्म स्वच्छता दिवस के अवसर पर आरोह फाउंडेशन और एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड की हृदय परियोजना के तहत उत्तर प्रदेश के चित्रकूट, रामनगर ब्लॉक में किशोरियों के लिए एक निःशुल्क किशोरी बालिका कार्यशाला का आयोजन किया गया।

प्रत्येक वर्ष 28 मई को मनाए जाने वाले मासिक धर्म स्वच्छता दिवस का उद्देश्य माहवारी से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करना और लड़कियों व महिलाओं को स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। इसी भावना के अनुरूप यह कार्यशाला ग्राम पंचायत खजूरिहा खुर्द, चाहटा, बरेठी, लधौरा, बिनौरा, चोरहा और पैकोरा में आयोजित की गई, जिसमें लगभग 1100 बालिकाओं ने सहभागिता की।

कार्यशाला में बालिकाओं को महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी जिसमें माहवारी स्वच्छता एवं प्रबंधन मासिक धर्म के दौरान साफ-सफाई रखने के सही तरीके, सैनिटरी पैड का उपयोग और निपटान करना। शारीरिक एवं मानसिक बदलाव किशोरावस्था में शरीर और मन में होने वाले बदलावों की सही समझ करना। पोषण एवं स्वास्थ्य माहवारी के दौरान और सामान्य दिनों में सही खान-पान की जानकारी रखना। आत्मसम्मान एवं सुरक्षा स्वयं के अधिकारों की पहचान और व्यक्तिगत सुरक्षा के प्रति जागरुक रहना तथा शिक्षा का महत्व माहवारी को पढ़ाई में बाधा न बनने देने की प्रेरणा यह सभी जानकारी बालिकाओं को दी गईं। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में आरोह फाउंडेशन की टीम के सदस्यों राघवेंद्र कुमार, सत्यजीत सिंह कछवाह, अंशुल पाठक, रामानुज और निधि सेठिया का अहम योगदान रहा। टीम ने गांव-गांव जाकर बालिकाओं से संवाद किया और उन्हें माहवारी से जुड़ी झिझक और शर्म को दूर कर खुलकर बात करने के लिए प्रोत्साहित किया। गांव के अभिभावकों और समुदाय के लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि माहवारी स्वच्छता जैसे संवेदनशील विषय पर खुलकर बात करना बालिकाओं के स्वास्थ्य और आत्मविश्वास के लिए अत्यंत आवश्यक है। आयोजकों ने बताया कि भविष्य में भी इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम निरंतर चलाए जाते रहेंगे।

आरोह फाउंडेशन और भारतीय जीवन बीमा निगम की हृदय परियोजना ग्रामीण क्षेत्रों में बालिकाओं और महिलाओं के जीवन को बेहतर बनाने के निए सतत प्रयासरत है। मासिक धर्म स्वच्छता दिवस के अवसर पर यह संकल्प लिया गया कि हर गांव की हर बालिका तक सही जानकारी पहुंचाई जाएगी। क्योंकि जानकारी ही सशक्तिकरण की पहली सीढ़ी है।

# बकरीद पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम : डीआईजी, डीएम एवं एसपी ने सड़कों पर उतरकर लिया जायजा




**बांदा।** जनपद बांदा में ईद-उल-जुहा के पर्व को शांतिपूर्ण, सकुशल और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने कमर कस ली है। सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने के उद्देश्य से जिले के आला अधिकारियों ने खुद मोर्चा संभालते हुए शहर के विभिन्न क्षेत्रों का सघन भ्रमण किया और सुरक्षा तैयारियों का जायजा लिया। चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा के पुलिस उपमहानिरीक्षक राजेश एस., जिलाधिकारी अमित आसेरी और पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल ने भारी पुलिस बल के साथ शहर के संवेदनशील और प्रमुख इलाकों में पैदल गश्त की। इस दौरान अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था में तैनात पुलिसकर्मियों को मुस्तैदी से ड्यूटी करने और हर छोटी-बड़ी गतिविधि पर नजर रखने के आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

भ्रमण के दौरान अधिकारियों ने स्थानीय नागरिकों और संभ्रांत व्यक्तियों से सीधा संवाद स्थापित किया। अधिकारियों ने सभी से ईद-उल-जुहा के त्योहार को आपसी सौहार्द, शांति और भाईचारे के साथ मनाने की अपील की। इसके साथ ही, प्रशासनिक अमले ने सभी जनपदवासियों को पर्व की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं भी दीं। संवेदनशील और भीड़भाड़ वाले स्थलों पर पर्याप्त पुलिस बल और पीएसी की तैनाती की गई है। संदिग्ध गतिविधियों और छतों पर सुरक्षा की स्थिति जांचने के लिए ड्रोन कैमरों के जरिए लगातार निगरानी की जा रही है।

सोशल मीडिया प्लेटफार्मों जैसे फेसबुक, एक्स, व्हाट्सएप पर पुलिस की साइबर सेल लगातार नजर रख रही है। प्रशासन ने साफ चेतावनी दी है कि अफवाहों या भ्रामक खबरें फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। त्योहार को आपसी भाईचारे के साथ मनाएं और किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें। किसी भी संदिग्ध वस्तु या व्यक्ति की सूचना तुरंत नजदीकी पुलिस को दें।

# मोबियस फाउंडेशन के ज्ञान कन्या शक्ति कार्यक्रम के तहत केजीबीवी की छात्राओं को मिलीं पाठ्य पुस्तकें



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** मोबियस फाउंडेशन द्वारा संचालित ज्ञान कन्या शक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत गुरुवार को कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय (केजीबीवी), पहाड़ी में कक्षा 9, 10 और 11 की छात्राओं के लिए पुस्तक वितरण समारोह आयोजित किया गया।

उच्च कक्षाओं में छात्राओं को अपनी पढ़ाई के लिए पुस्तकें स्वयं खरीदनी पड़ती हैं, जिससे कई बार आर्थिक कारणों से उनकी पढ़ाई बाधित होती है। इसी समस्या को ध्यान में रखते हुए मोबियस फाउंडेशन ने इन छात्राओं को एनसीईआरटी की निःशुल्क पुस्तकें उपलब्ध कराई हैं।

कार्यक्रम में फाउंडेशन की जिला समन्वयक नीलू बोस ने बताया कि जिले के अन्य केजीबीवी मऊ, शिवरामपुर और मानिकपुर के लिए भी पुस्तकें प्राप्त हो चुकी हैं और उन्हें जल्द ही संबंधित विद्यालयों में छात्राओं के बीच वितरित कर दिया जाएगा।

ज्ञान कन्या शक्ति कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए नीलू बोस ने बताया कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से जोड़ना है। इसके माध्यम से उन्हें ऑनलाइन इंटरैक्टिव कक्षाएं प्रदान की जा रही हैं और आरबीएसके टीम के सहयोग से उनका नियमित स्वास्थ्य परीक्षण भी सुनिश्चित किया जा रहा है।

इस अवसर पर केजीबीवी पहाड़ी के शिक्षक एवं स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे, जिन्होंने फाउंडेशन के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि इससे छात्राओं को अपनी पढ़ाई जारी रखने में काफी सुगमता होगी।

# बिजली कटौती पर फूटा जनता का गुस्सा, पावर हाउस का घेराव कर किया जोरदार हंगामा

**बांदा।** यूपी के बांदा में भीषण गर्मी और अघोषित बिजली कटौती ने आम जनता का जीना मुहाल कर दिया है। पिछले चार दिनों से लगातार बिजली संकट से जूझ रहे ग्रामीणों के सब्र का बांध आखिरकार आज टूट गया। गुस्से से आगबबूला दर्जनों ग्रामीणों ने तुलसी नगर पावर हाउस का घेराव कर बिजली विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी और प्रदर्शन किया। इस दौरान ग्रामीणों ने बिजली विभाग पर लापरवाही और भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप भी लगाए।

प्रदर्शन के दौरान पावर हाउस में बिजली विभाग की बड़ी संवेदनहीनता देखने को मिली। मौके पर न तो एसडीओ पहुंचे और न ही जेई दिखाई दिए। भीषण गर्मी में परेशान लोग लगातार जिम्मेदार अधिकारियों को फोन मिलाते रहे, लेकिन किसी भी अधिकारी ने फोन उठाना मुनासिब नहीं समझा।

बिजली न होने और चिलचिलाती गर्मी से बेहाल होकर जब प्रदर्शनकारी महिलाएं पावर हाउस कार्यालय में लगे कूलर के सामने थोड़ी राहत लेने बैठीं, तो वहाँ मौजूद बिजली कर्मचारियों ने उन्हें दुत्कार कर भगा दिया। कर्मचारियों के इस अमानवीय रवैये से नाराज महिलाओं और पुरुषों का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया। इसके बाद सभी प्रदर्शनकारी चीफ ऑफिस पहुंच गए और विभाग के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन शुरू कर दिया। यह पूरा मामला बांदा शहर से सटे पल्हरी गांव का है, जहाँ पिछले चार दिनों से बिजली व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त है। पावर हाउस पहुंचे करीब आधा सैकड़ा ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि स्थानीय लाइनमैन बिना पैसे लिए कोई काम नहीं करता। दो दिन पहले गांव की खराब लाइन को ठीक कराने के लिए गरीब ग्रामीणों ने आपस में चंदा इकट्ठा करके लाइनमैन को 1,000 की रिश्वत दी थी। लेकिन पैसे लेने के बाद भी बिजली महज दो घंटे ही चली और फिर से ठप हो गई।

ग्रामीणों ने बिजली विभाग की तकनीकी लापरवाही को उजागर करते हुए बताया कि गांव की आबादी और जरूरत के हिसाब से बहुत छोटा ट्रांसफार्मर लगाया गया है।ग्रामीणों ने बेहद भावुक और आक्रोशित होकर सवाल उठाया कि, ष्हम मजदूर वर्ग के लोग हैं; हम मेहनत-मजदूरी करके बिजली का बिल भरें या फिर हर फाल्ट पर लाइनमैन को रिश्वत दें? बिजली विभाग के ढुलमुल रवैये से परेशान ग्रामीणों ने अब आर-पार की लड़ाई का मूड बना लिया है। उन्होंने विभाग को साफ शब्दों में दो दिन का अल्टीमेटम दिया है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि दो दिनों के भीतर गांव की बिजली व्यवस्था को दुरुस्त नहीं किया गया और बड़ा ट्रांसफार्मर नहीं लगाया गया, तो उनका आंदोलन और उग्र रूप लेगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी बिजली विभाग की होगी।

# बांदा में ईद-उल-अजहा की नमाज शांतिपूर्ण संपन्न



**बांदा।** ईद-उल-अजहा का त्योहार आज पूरे अकीदत, उल्लास और शांतिपूर्ण माहौल में मनाया जा रहा है। सुबह जिले की विभिन्न प्रमुख मस्जिदों और ईदगाहों में नमाजियों ने शांतिपूर्ण तरीके से ईद की नमाज अदा की और मुल्क में अमन-चौन व भाईचारे की दुआ मांगी। सुरक्षा के लिहाज से संवेदनशील इलाकों में भारी पुलिस बल मुस्तैद रहा।

गुरुवार सुबह से ही पारंपरिक परिधानों में सजे नमाजी शहर की जामा मस्जिद, प्रमुख मस्जिदों और ईदगाहों की तरफ बढ़ने लगे थे। निर्धारित समय पर मौलानाओं की सरपरस्ती में ईद-उल-अजहा की विशेष नमाज अदा कराई गई। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। पर्व को सकुशल संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन और पुलिस महकमा सुबह से ही सड़कों पर अलर्ट मोड में नजर आया। शहर के सभी संवेदनशील और मिश्रित आबादी वाले इलाकों में भारी संख्या में पुलिस बल और आरएएफ/पीएसी के जवान तैनात किए गए। नमाज के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को परखने और असामाजिक तत्वों पर नजर रखने के लिए ड्रोन कैमरों का इस्तेमाल किया गया।

पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी लगातार पेट्रोलिंग करते रहे और मस्जिदों के आसपास की व्यवस्थाओं का खुद जायजा लिया, जिससे नमाजियों को किसी असुविधा का सामना न करना पड़े। नमाज के समापन के बाद हिंदू-मुस्लिम भाइयों ने एक-दूसरे को गले लगाकर पर्व की बधाई दी, जिससे बांदा की गंगा-जमुनी तहजीब की खूबसूरत मिसाल देखने को मिली। प्रशासन द्वारा पहले से की गई तैयारियों और रूट डायवर्जन के चलते यातायात व्यवस्था भी सुचारू रूप से चलती रही और कहीं भी जाम या अव्यवस्था की स्थिति नहीं बनी। जनपद में ईद-उल-अजहा की नमाज पूरी तरह शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हो गई है। सभी संवेदनशील बिंदुओं पर पुलिस बल तैनात है और त्योहार के शांतिपूर्ण समापन तक सोशल मीडिया से लेकर धरातल तक कड़ी निगरानी जारी रहेगी।

# भारत के बाद अफगानिस्तान को पुतिन का खास तोहफा, गदगद हुआ तालिबान !

**काबुल**
**आज** काबुल की धरती से एक ऐसी खबर सामने आई जिसने पूरे दक्षिण एशिया की राजनीति में भूचाल ला दिया। जब पूरी दुनिया ने अफगानिस्तान को एक जलता हुआ घर समझकर अपने दरवाजे बंद कर दिए तब दो पुराने यारों ने यानी भारत और रूस ने तय कर लिया कि वो इस मुल्क को पाकिस्तान की साजिशों की आग में जलने नहीं देंगे। एक तरफ भारत के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने ऐलान किया कि भारत का एक विशाल विमान 20 टन क्रिटिकल मेडिकल सप्लाई लेकर काबुल में उतर चुका है। तो वहीं दूसरी तरफ रूस की दिग्गज कंपनी फार्मा सिंटेज ने अफगानिस्तान के साथ दवाइयों का महा समझौता महा डील कर ली है। हम उस कूटनीतिक सर्जिकल स्ट्राइक की बात करेंगे जो बिना गोली चलाए इस्लामाबाद के घमंड को चकनाचूर कर चुकी है। जब पूरी दुनिया ने अफगानिस्तान को उसके हाल पर



छोड़ दिया था तब दिल्ली और मॉस्को ने तय किया कि वे इस मुल्क को यानी अफगानिस्तान को पाकिस्तान की साजिशों की आग में नहीं जलने देंगे। रूस की सबसे बड़ी फार्मा एजेंसियों में से एक फार्मा सिंटेज ने अब अफगानिस्तान का हाथ थाम लिया है। लेकिन इस खबर का सबसे बड़ा धमाका सुनिए। इस रूसी कंपनी को चलाने वाले आदमी भारतीय मूल के एक जांबाज कारोबारी हैं।
सोचिए रूस की तकनीक और भारतीय दिमाग जब यह दोनों मिलेंगे तो पाकिस्तान का पत्ता कटना तय था। रूस अब अफगानिस्तान को वो सब देगा जिसके लिए वो पहले पाकिस्तान का मोहताजदा इंसुलिन, एंटीबायोटिक्स, हार्ट और कैंसर की दवाइयां सब कुछ। और जब अफगानिस्तान ने पाकिस्तानी आयात पर बैन लगाया तो शहबाज शरीफ को लगा कि काबुल घुटने पर आ जाएगा। लेकिन रूस और भारत ने मिलकर पाकिस्तान के इस ब्लैकमेल वाले प्लान को मिट्टी में मिला दिया। अब काबुल के अस्पतालों में जो दवाइयां चलेंगी उन पर या तो भारत का तिरंगा लहरा रहा होगा या फिर रूस का ट्राई कलर। इतिहास गवाह है। दोस्त वही जो अंधेरे में हाथ थाम ले और भारत के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने एक ट्वीट के जरिए दुनिया के बड़े-बड़े रणनीतकारों को नक्शा खोलने पर मजबूर कर दिया। काबुल एयरपोर्ट पर जब भारत का विमान उतरा तो वह सिर्फ लोहा और इंजन नहीं था। वो अफगानिस्तान के करोड़ों माता-पिता की उम्मीद थी। 20 टन क्रिटिकल मेडिकल सप्लाई थी ।

# ईरान ने अमेरिका पर लगाया सीजफायर उल्लंघन का आरोप

**अमेरिका**
**अमेरिका** और ईरान के बीच शांति वार्ता के बीच, तेहरान ने अपने जमे हुए 24 अरब डॉलर के फंड को जारी करने की मांग की है। वहीं, रुबियो ने कहा है कि ईरान के साथ शांति समझौते को अंतिम रूप देने में "कुछ और दिन" लगेंगे। इसके अलावा, अमेरिकी केंद्रीय कमान द्वारा दक्षिणी ईरान में हमले शुरू करने की घोषणा के कुछ घंटों बाद, आईआरजीसी ने एक बयान जारी कर दावा किया कि उन्होंने एक एमक्यू-9 ड्रोन को मार गिराया है और ईरानी हवाई क्षेत्र में घुसने वाले एक अमेरिकी लड़ाकू विमान पर गोलीबारी की है।
लेबनान के मशघारा में इजरायली हमले में मारे गए 11 लोगों में 2 लड़कियां शामिल
लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया है कि इजरायल द्वारा मशघारा शहर पर रात भर चले हमले में मारे गए 11 लोगों में दो



लड़कियां और एक महिला शामिल हैं। मंत्रालय ने मृतकों की कुल संख्या 11 बताई है, जो लेबनान की राष्ट्रीय समाचार एजेंसी द्वारा पहले बताई गई 12 की संख्या से कम है। इस हमले में एक बच्चे सहित 15 अन्य लोग घायल हुए हैं। पूर्वी लेबनान के इस शहर में बचाव दल अभी भी मलबा हटा रहे हैं।
ईरान में इंटरनेट सेवाएं आंशिक रूप से बहाल हो गई
अमेरिका द्वारा ईरान पर लगाए गए प्रतिबंधः इंटरनेट निगरानी समूह नेटब्लॉक्स ने बताया है कि इस्लामिक गणराज्य द्वारा प्रतिबंध हटाने के एक दिन बाद ईरान में इंटरनेट सेवाएं आंशिक रूप से बहाल हो गई हैं। नेटब्लॉक्स ने एक्स पर लिखा कि लाइव आंकड़ों से पता चलता है कि 2093 घंटों तक अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क से लगभग पूरी तरह अलग-थलग रहने के बाद, जो आधुनिक इतिहास में सबसे लंबा राष्ट्रव्यापी इंटरनेट शटडाउन है, ईरान में 88वें दिन इंटरनेट कनेक्टिविटी आंशिक रूप से बहाल हो गई है।

# मिनरल्स सप्लाई चेन के लिए 20 अरब डॉलर का महा-संकल्प

**ऑस्ट्रेलिया**
**भारत,** ऑस्ट्रेलिया, जापान और संयुक्त राज्य अमेरिका ने मंगलवार को क्वाड क्रिटिकल मिनरल्स इनिशिएटिव फ्रेमवर्क का अनावरण किया, जिसमें हिंद-प्रशांत क्षेत्र में सुरक्षित और लचीली महत्वपूर्ण खनिज आपूर्ति श्रृंखलाओं को मजबूत करने के लिए सरकारी और निजी क्षेत्र के समर्थन से 20 अरब अमेरिकी डॉलर तक जुटाने का संकल्प लिया गया। यह घोषणा क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक के तुरंत बाद की गई, जिसमें भागीदार देशों ने सुरक्षित महत्वपूर्ण खनिज आपूर्ति श्रृंखलाओं के विकास का समर्थन करने के लिए क्वाड क्रिटिकल मिनरल्स इनिशिएटिव फ्रेमवर्क पर सहमति व्यक्त की, जो उन्नत प्रौद्योगिकियों, आर्थिक विकास और हमारे औद्योगिक आधारों की मजबूती के लिए आवश्यक हैं। विदेश मंत्रालय के एक आधिकारिक बयान के अनुसार, क्वाड क्रिटिकल मिनरल्स इनिशिएटिव के माध्यम से, भागीदार देश विविध और निष्पक्ष महत्वपूर्ण खनिज बाजारों के विकास में तेजी लाने और हमारे क्षेत्र के आर्थिक विकास और सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण खनिजों की आपूर्ति का समर्थन करने के लिए आर्थिक नीति उपकरणों और समन्वित निवेश का उपयोग करने के लिए मिलकर काम करना चाहते हैं।
फ्रेमवर्क महत्वपूर्ण खनिज आपूर्ति श्रृंखलाओं पर क्वाड भागीदारों के बीच सहयोग के प्रमुख क्षेत्रों को निर्धारित करता है, जिसमें प्रत्येक भागीदार की घरेलू नीतियों और प्राथमिकताओं का उचित ध्यान



रखा गया है। इसमें तीन मुख्य क्षेत्र शामिल होंगेः निवेश और परियोजना विकास; नियामक सामंजस्य; और महत्वपूर्ण खनिजों का पुनर्चक्रण और पुनर्प्राप्ति। क्वाड साझेदार महत्वपूर्ण खनिजों की आपूर्ति श्रृंखलाओं को मजबूत करने के लिए नए और मौजूदा प्रयासों के माध्यम से सरकार और निजी क्षेत्र से 20 अरब डॉलर तक का समर्थन जुटाने का इरादा रखते हैं, जिसमें खनन, प्रसंस्करण और पुनर्चक्रण शामिल हैं। इसके लिए क्वाड से जुड़े उन परियोजनाओं की पहचान करना शामिल है जो महत्वपूर्ण खनिज आपूर्ति श्रृंखला में मौजूद कमियों को दूर करती हैं; रणनीतिक महत्वपूर्ण खनिज परियोजनाओं का समर्थन करना और क्वाड साझेदार देशों और क्षेत्रीय स्तर पर निजी पूंजी जुटाने और महत्वपूर्ण खनिजों की आपूर्ति श्रृंखलाओं को मजबूत करने के लिए नए तंत्रों की खोज करना शामिल है।
बयान में आगे कहा गया है कि क्वाड साझेदार अपने-अपने घरेलू कानूनों के अनुसार महत्वपूर्ण खनिजों के विकास के लिए समग्र वातावरण में सुधार लाने का लक्ष्य रखेंगे।

# होर्मुज जलडमरूमध्य खुला रखना होगा




**ऑस्ट्रेलियाई**
**वैश्विक** समुद्री स्थिरता बनाए रखने पर क्वाड भागीदारों के बीच एकजुट रुख पर प्रकाश डालते हुए, ऑस्ट्रेलियाई विदेश मंत्री पेनी वोंग ने मंगलवार को कहा कि अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने अस्थिर होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर ईरान के साथ महत्वपूर्ण राजनयिक वार्ता की प्रगति के बारे में सदस्यों को जानकारी दी। क्वाड्रिलैटरल देशों के समूह के चार सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों के विचार-विमर्श के बाद राष्ट्रीय राजधानी में पत्रकारों को संबोधित करते हुए, वोंग ने महत्वपूर्ण व्यापारिक मार्ग को सुरक्षित रखने की रणनीतिक आवश्यकता पर बल दिया और व्यापक आर्थिक नुकसान से बचने के लिए चारों देशों के समूह के भीतर बनी आम सहमति का उल्लेख किया। होर्मुज जलडमरूमध्य में बिगड़ती स्थिति के बारे में एएनआई के एक प्रश्न का उत्तर देते हुए, ऑस्ट्रेलियाई मंत्री ने अपनी बातचीत के दौरान हुई उच्च स्तरीय राजनयिक ब्रीफिंग का विस्तृत विवरण दिया। वोंग ने कहा कि पहला बिंदु यह है कि विदेश मंत्री रुबियो ने हमें ईरान के साथ वार्ता और उसकी प्रगति के बारे में जानकारी दी। ऑस्ट्रेलिया और अन्य देश कुछ समय से कह रहे हैं कि हमें एक राजनयिक समाधान देखने की आवश्यकता है। पश्चिम एशिया में वैश्विक समुद्री व्यापार में व्यवधान की आशंका को देखते हुए, मंत्री ने मौजूदा अस्थिरता को क्वाड के चार सदस्य देशों भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया की साझा रणनीतिक प्राथमिकताओं से सीधा जोड़ा।

# सीमा पार आतंक पर लगेगी लगाम




**क्वाड**
**आतंकवाद**-विरोधी उपायों को अपने रणनीतिक गठबंधन का केंद्रीय आधार बनाते हुए, क्वाड देशों ने मंगलवार को सीमा पार उग्रवाद और उसके राज्य वित्तपोषकों को स्पष्ट रूप से निशाना बनाया, साथ ही हिंद-प्रशांत समुद्री निगरानी, ??डिजिटल अवसंरचना और आपूर्ति श्रृंखला सुरक्षा के लिए व्यापक रूपरेखाओं का अनावरण किया। सुरक्षा से संबंधित इस एजेंडा ने विदेश मंत्री एस जयशंकर द्वारा ऐतिहासिक हैदराबाद हाउस में आयोजित 11वीं क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक में प्रमुख भूमिका निभाई, जिसमें अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो, ऑस्ट्रेलियाई विदेश मंत्री पेनी वोंग और जापानी विदेश मंत्री तोशिमित्सु मोटेगी ने एक उच्च समन्वित, लचीली क्षेत्रीय संरचना प्रस्तुत करने के लिए भाग लिया।
इस उच्च स्तरीय बैठक के बाद एक विशेष मीडिया ब्रीफिंग को संबोधित करते हुए, विदेश मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव नागराज नायडू ने नेताओं द्वारा चर्चा किए गए प्रमुख सुरक्षा प्रतिमानों की रूपरेखा प्रस्तुत की, और इस बात पर प्रकाश डाला कि कैसे चार देशों का यह समूह असममित खतरों के खिलाफ अपनी सामूहिक रक्षा रूपरेखाओं को सक्रिय रूप से मजबूत कर रहा है। वरिष्ठ राजनयिक ने इस बात पर जोर दिया कि यद्यपि समुद्री और डिजिटल संपर्क गठबंधन के महत्वपूर्ण मापदंड बने हुए हैं, वहीं अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा खतरों पर नियंत्रण सहयोगी देशों की मूलभूत प्राथमिकता है। आतंकवाद विरोधी अभियान क्वाड सहयोग का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है। मंत्रियों ने सीमा पार आतंकवाद सहित आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों की कड़ी निंदा की।

# बीजिंग में ग्रैंड शो, पर नतीजे जीरो ?

**बीजिंग**
**हाल** के हफ्तों में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की लगातार बीजिंग यात्राओं ने चीन को वैश्विक राजनीति के केंद्र में ला खड़ा किया है। कुछ अंतरराष्ट्रीय विश्लेषकों के लिए ये शिखर बैठकें इस बात का संकेत थीं कि चीन अब कुछ ही दिनों के भीतर दो प्रमुख प्रतिद्वंद्वियों की मेजबानी करने में सक्षम एक स्थिर ताकतह्व बन चुका है। उनके मुताबिक, चीन खुद को महाशक्तियों के बीच मध्यस्थ और वैश्विक स्थिरता के स्तंभ के रूप में पेश कर रहा है। कई अन्य विश्लेषकों का मानना है



कि इन यात्राओं ने यह दशार्या कि चीन अब एक अनिवार्य वैश्विक शक्ति बनता जा रहा है और राष्ट्रपति शी चिनफिंग ऐसे विश्व नेता के रूप में उभर रहे हैं, जिनकी बिल्कुल भी अनदेखी नहीं की जा सकती और जिनसे संबंध बनाए रखना जरूरी समझा जा रहा है।
इस बीच, चीनी विश्लेषकों ने ध्यान दिलाया कि पिछले छह महीनों में फ्रांस, ब्रिटेन, कनाडा, दक्षिण कोरिया और जर्मनी समेत कई देशों के नेता बीजिंग आ चुके हैं। महत्वपूर्ण बात यह रही कि इनमें कुछ नेता लंबे अंतराल के बाद चीन पहुंचे।
उदाहरण के लिए, किसी ब्रिटिश प्रधानमंत्री की यह आठ वर्षों बाद पहली चीन यात्रा थी। वहीं, कनाडा, दक्षिण कोरिया और अमेरिका के नेताओं की यह नौ वर्षों बाद पहली यात्रा थी। एक के बाद एक हो रही इन यात्राओं के बीच चीनी मीडिया ने बीजिंग को दुनिया का ऐसा केंद्र बताया, जो अस्थिर वैश्विक परिस्थितियों में स्थिरता प्रदान कर रहा है।

# भारत मुझ पर 100% भरोसा कर सकता है- डोनाल्ड ट्रम्प

**वाशिंगटन**
**नई** दिल्ली और वाशिंगटन के बीच मजबूत होते संबंधों का एक सशक्त प्रमाण देते हुए, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सार्वजनिक रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति अपनी प्रशंसा दोहराई है और कहा है कि दक्षिण एशियाई देश पूरी तरह से उनके प्रशासन पर निर्भर रह सकता है। अमेरिकी नेता ने भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर द्वारा सोशल मीडिया पर साझा किए गए एक पोस्ट के माध्यम से इस संदेश को और भी पुख्ता किया, जिसमें मोदी की प्रशंसा का विस्तृत विवरण दिया गया था। सोमवार शाम को ट्रुथ सोशल पर, ट्रम्प ने गोर के रविवार रात के मूल पोस्ट को राष्ट्रीय राजधानी के प्रतिष्ठित भारत मंडपम में आयोजित अमेरिका की स्वतंत्रता की 250वीं वर्षगांठ के भव्य समारोह के एक वीडियो क्लिप के साथ पुनः पोस्ट किया। इसकी शुरूआत रविवार को हुई जब गोर ने एक्स पर अमेरिकी राष्ट्रपति के एक व्यक्तिगत संदेश का विवरण साझा किया। गोर ने बताया कि राष्ट्रपति ट्रंप ने आज रात मुझे फोन किया। उनका संदेश स्पष्ट थाः मैं प्रधानमंत्री मोदी को बहुत पसंद करता हूं। भारत के साथ हमारे संबंध पहले से कहीं अधिक मजबूत हैं। मैं प्रधानमंत्री मोदी का बहुत बड़ा प्रशंसक हूं। कार्यक्रम के दौरान, नव नियुक्त अमेरिकी दूत ने अपना फोन माइक्रोफोन के सामने रखकर कूटनीति का एक सीधा क्षण बनाया, जिससे उपस्थित गणमान्य व्यक्ति ट्रंप का सीधा संबोधन सुन सके। फोन पर बातचीत के दौरान ट्रंप ने कहा कि मैं सभी को नमस्कार कहना चाहता हूं। मैं



प्रधानमंत्री को बहुत पसंद करता हूं। (नरेंद्र) मोदी महान हैं, वे मेरे मित्र हैं, और मैं सभी को शुभ संध्या कहना चाहता हूं। उन्होंने दोहराया, मैं प्रधानमंत्री मोदी का बहुत बड़ा प्रशंसक हूं। दोनों लोकतांत्रिक देशों के बीच भू-राजनीतिक गठबंधन पर प्रकाश डालते हुए, अमेरिकी राष्ट्रपति ने उपस्थित लोगों को अटूट अमेरिकी समर्थन का आश्वासन दिया। ट्रंप ने जोर देकर कहा भारत के साथ हमारे संबंध पहले से कहीं अधिक मजबूत हैं और भारत मुझ पर और हमारे देश पर शत प्रतिशत भरोसा कर सकता है। उन्होंने आगे कहा कि अगर उन्हें कभी मदद की जरूरत हो, तो वे जानते हैं कि किसे फोन करना है - वे सीधे यहीं फोन करते हैं। भारत मंडपम में आयोजित इस उच्चस्तरीय स्मारक कार्यक्रम में भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर और अमेरिका के दौरे पर आए विदेश मंत्री मार्को रुबियो सहित कई शीर्ष राजनयिकों के साथ-साथ राजदूत गोर भी उपस्थित थे।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा, प्रयागराज से मुद्रित एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI NO. UPHIN/2001/09025
प्रबन्धक
अनूप मिश्रा
ऑफिस मो.: 9565333000
Email: akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादो का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा

# किम जोंग का न्यूक्लियर प्रोग्राम होगा बंद? क्वाड करेगा नॉर्थ कोरिया का इलाज

**उत्तर कोरिया**
**दिल्ली** में हुई क्वाड देशों की विदेश मंत्रियों की बैठक में जहां इंडोपेसिफिक समुद्री सुरक्षा और सप्लाई चेन जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई वहीं जापान के विदेश मंत्री तोशी मोतेगी के बयान ने दुनिया का ध्यान उत्तर कोरिया की तरफ खींच लिया। क्वाड के मंच से मोतेगी ने साफ शब्दों में कहा कि उत्तर कोरिया का परमाणु और मिसाइल कार्यक्रम अब सिर्फ क्षेत्रीय नहीं बल्कि वैश्विक चिंता बन चुका है। क्वाट के मंच से जापान के विदेश मंत्री ने बताया कि उन्होंने उत्तर कोरिया की स्थिति, उसके परमाणु और मिसाइल कार्यक्रम और साइबर गतिविधियों पर भी चर्चा की। वी डिस्कस द नर्थ कोरियन सिचुएशन इंक्लूडिंग न्यूक्लियर मिसल प्रॉब्लम्स एंड साइबर एक्टिविटी आवर कमिटमेंट टुवड्र्स कंप्लीटलाइजेशन ऑफ नर्थ कोरिया आई रिसीव सपोर्ट फ्रॉम द अदर थ्री कंट्रीज एमिंग टू ब्रिंग इमीडिएट सशन टू द्शन इशू जापान के विदेश मंत्री मोतेगी ने कहा कि क्वाइट देशों ने उत्तर कोरिया के बढ़ते सैनिक खतरों और उसकी साइबर गतिविधियों पर गंभीर चर्चा की।
उन्होंने यह भी कहा कि जापान को अपहरण के पुराने मामले को लेकर बाकी तीन देशों भारत, अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया से समर्थन भी मिला। दरअसल जापान लंबे समय से आरोप लगाता रहा है कि उत्तर कोरिया ने



उसके कई नागरिकों का अपहरण किया था और अब तक इस मुद्दे का समाधान नहीं हुआ। लेकिन मोतेगी का यह बयान ऐसे वक्त पर आया कि जब उत्तर कोरिया ने अपने संविधान में बेहद खतरनाक बदलाव किया। दक्षिण कोरिया की खुफिया एजेंसी के मुताबिक अब अगर किम जोंग उनकी हत्या हो जाती है
या किसी भी देश हमले में देश की कमान व्यवस्था खत्म हो जाती तो उत्तर कोरिया की सेना अपने आप परमाणु हमला कर देगी यानी अब किसी अलग आदेश की जरूरत नहीं होगी। बताया जा रहा है कि यह बदलाव मार्च में हुई उत्तर कोरिया की सुप्रीम पीपल्स असेंबली की बैठक में पास किया गया। नए संवैधानिक प्रावधान के मुताबिक अगर देश की न्यूक्लियर कमान को खतरा होता तो ऑटोमेटिक और तुरंत परमाणु जवाबी हमला किया जाएगा।
पहले ऐसी नीति सिर्फ रणनीतिक संकेतों तक सीमित मानी जाती थी लेकिन अब इसे संविधान में शामिल कर आधिकारिक रूप दे दिया गया। वहीं उत्तर कोरिया की तरफ से हाल के दिनों में सैन्य गतिविधियां भी काफी बढ़ गई।
उसने दक्षिण कोरिया सीमा के पास नई लंबी दूरी की आर्टिलरी तैनात करने का ऐलान किया। किम जोंगून ने हाल ही में एक हथियार फैक्ट्री का दौरा भी किया। जहां नई 155 मि.मी. सेल्फ प्रोफेल्ड गन का परीक्षण हुआ था। दावा है कि यह हथियार 60 कि.मी. से ज्यादा दूरी तक हमला कर सकता है। जिससे सोल और आसपास के इलाके सीधे निशाने पर आ सकते हैं।